TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्ष: 25 अंक 46
मंगलवार 2 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 37°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-8

बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

## सीबीएसई परिणाम विवाद पर राहुल गांधी का सरकार पर हमला

**नई दिल्ली, 1 जून।** सीबीएसई की 12वीं कक्षा के परिणामों में कथित गड़बड़ियों को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्र सरकार और सीबीएसई पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था को सेवा के बजाय कारोबार का माध्यम बनाया जा रहा है, जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि सीबीएसई की ओर से अंक संबंधी त्रुटियों को सुधारने के लिए छात्रों से विभिन्न मदों में शुल्क लिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि डिजिटल स्कैन कॉपी प्राप्त करने के लिए प्रति विषय 100 रुपये, पुनर्गणना के लिए प्रति पेपर 100 रुपये तथा पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति प्रश्न 25 रुपये तक शुल्क देना पड़ता है। उनके अनुसार, यदि किसी छात्र को कई विषयों में आपत्ति दर्ज करनी हो तो उसे करीब 2000 रुपये तक खर्च करने पड़ सकते



- कहा–गलती बोर्ड की, सजा छात्रों को और कमाई सरकार की

हैं।कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि यदि बोर्ड की गलती से अंक गलत दर्ज हुए हैं तो उसकी कीमत छात्रों से वसूलना अन्यायपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि लाखों छात्रों द्वारा पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन किए जाने से बोर्ड को बड़ी राशि प्राप्त होती है। राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि यदि मूल्यांकन प्रक्रिया में तकनीकी या मानवीय त्रुटियां हुई हैं तो उसका आर्थिक बोझ छात्रों और उनके परिवारों पर क्यों डाला जा रहा है।

# भारत-म्यांमार साझेदारी का नया अध्याय शुरू

## मोदी-हलाइंग वार्ता में व्यापार, सुरक्षा, संपर्क व सांस्कृतिक सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर

**नई दिल्ली, 01 जून।** भारत और म्यांमार के बीच रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को नई गति देने की दिशा में सोमवार को महत्वपूर्ण पहल हुई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग के साथ व्यापक वार्ता की। दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा हुई और संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

ऐसे समय में यह मुलाकात विशेष महत्व रखती है, जब भारत अपनी 'एक्ट ईस्ट' नीति को और प्रभावी बनाने के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र को दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ने के प्रयासों को तेज कर रहा है।

बैठक में व्यापार, निवेश, संपर्क परियोजनाओं, तकनीकी सहयोग, सीमा प्रबंधन, सुरक्षा साझेदारी तथा लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने जैसे विषय प्रमुखता से शामिल रहे। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से जुड़े

**पहल**

- कूटनीति, व्यापार और सुरक्षा पर बनी नई सहमति
- बुद्ध से व्यापार तक, रिश्तों को मिला नया विस्तार
- सीमा सुरक्षा, निवेश और क्षेत्रीय स्थिरता पर बढ़ा सहयोग

भारत और म्यांमार के संबंधों को वर्तमान वैश्विक और क्षेत्रीय चुनौतियों के अनुरूप और मजबूत बनाया जाना चाहिए। म्यांमार भारत के लिए न केवल एक महत्वपूर्ण पड़ोसी देश है, बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया तक पहुंच का रणनीतिक द्वार भी माना जाता है। राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग की भारत यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की प्रदर्शनी का दौरा भी है। दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में आयोजित 'द लाइट



एंड द लोटस : रिलिक्स ऑफ द अवेकेंड वन' प्रदर्शनी दोनों देशों के साझा बौद्ध विरासत संबंधों को वैश्विक स्तर पर रेखांकित कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कूटनीति के माध्यम से भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ विश्वास और सहयोग का दायरा लगातार बढ़ा रहा है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग को मिली नई गति



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित दूसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्रियों के संवाद (डिफेंस मिनिस्टर्स डायलॉग) की सह-अध्यक्षता की। बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग की प्रगति की समीक्षा की गई और भविष्य में साझेदारी को और मजबूत बनाने के नए अवसरों पर विस्तार से चर्चा हुई। वार्ता के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया सरकार को हाल ही में जारी राष्ट्रीय रक्षा रणनीति-2026 और एकीकृत निवेश कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं और आने वाले वर्षों में यह साझेदारी नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा करते हुए इसे और व्यापक बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया। बैठक से पहले राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली पहुंचने पर रिचर्ड मार्लेस का स्वागत किया। इस दौरान तीनों सेनाओं की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट को पांच नए जज मिले, राष्ट्रपति ने नियुक्ति पर लगाई मुहर

**नई दिल्ली, 1 जून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय के लिए पांच जजों की नियुक्ति की है। राष्ट्रपति ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण पल्ली और उच्चतम न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहीं वरिष्ठ वकील वी मोहन को उच्चतम न्यायालय का जज नियुक्त किया है।

### महिला का फोन ब्लॉक करने पर उप्र पुलिस को फटकार

**प्रयागराज, 1 जून।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने लखनऊ पुलिस के साइबर सेल को उस महिला के मोबाइल नंबर को बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आदेश दिया है, जिसे उसके पति की शिकायत के बाद पत्नी का नंबर ब्लॉक कर दिया गया था। न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने कहा कि पुलिस ने पति द्वारा पति-पत्नी के बीच वैवाहिक कलह के कारण की गई एक फर्जी शिकायत के आधार पर नंबर को ब्लॉक कर दिया था। अदालत ने कहा कि राज्य एजेंसियों के इस तरह के लापरवाह रवैये से किसी नागरिक के साथ इस तरह का अन्याय नहीं किया जा सकता।

### राहुल गांधी पुष्कर पहुंचे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर में करेंगे संवाद

**अजमेर, 1 जून।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार सुबह अजमेर के निकट तीर्थराज पुष्कर पहुंचे। वे किशनगढ़ हवाई अड्डे से सड़क मार्ग के जरिए पुष्कर स्थित कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे, जहां राजस्थान और दिल्ली प्रदेश के कांग्रेस जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। किशनगढ़ हवाई अड्डे पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, विधायक विकास चौधरी सहित कई कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी का स्वागत किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन अंतिम समय में उनका दौरा निरस्त हो गया।

### भारत में 'दिव्यास्त्र' ड्रोन बनाने का रास्ता साफ

**नई दिल्ली, 1 जून।** अब भारत में 'दिव्यास्त्र' ड्रोन बनाने का रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जरूरतों को देखते हुए लॉन्ग रेंज ड्रोन विकसित करने की कोशिशों में भारत को बड़ी सफलता मिली है। भारत के स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को बढ़ावा देते हुए उत्तर प्रदेश के लखनऊ की डिफेंस स्टार्टअप कंपनी होवरइट ने दिव्यास्त्र मार्क-1 विकसित करके सफल परीक्षण भी कर लिया है। राजस्थान के जोधपुर में 50 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रेगिस्तानी तापमान और तेज हवाओं में टेस्ट किए जाने पर इस प्लेटफॉर्म ने मुश्किल फील्ड स्थितियों में भी भरोसेमंद प्रदर्शन दिखाया।

## जेईई एडवांस्ड में शुभम बने देश में नंबर वन

**56,880 अभ्यर्थी सफल, दिल्ली जोन का टॉप-10 में दबदबा**

**नई दिल्ली, 01 जून।** देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश का रास्ता खोलने वाली जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया। इस वर्ष दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की।

शुभम ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) में पहला स्थान हासिल किया। परिणामों में दिल्ली जोन का दबदबा साफ दिखाई दिया। शुभम कुमार के अलावा कबीर छिल्लर दूसरे और जतिन चाहर तीसरे स्थान पर रहे। चौथे स्थान पर मद्रास जोन के मोहित



शेखर शुक्ला तथा पांचवें स्थान पर कुची संदीप रहे।

शीर्ष-10 रैंक में देश के विभिन्न जोनों के मेधावी छात्रों ने जगह बनाई। इस वर्ष 17 मई को आयोजित परीक्षा में दोनों पेपरों में कुल 1,79,694 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें से 56,880 उम्मीदवार सफल घोषित किए गए।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में देरी बर्दाश्त नहीं

**पटना, 1 जून।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत लाभार्थियों के खातों में प्रत्येक माह की 10 तारीख तक राशि का भुगतान हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पेंशन भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी गरीब, वृद्ध, दिव्यांग और अन्य जरूरतमंद लाभार्थियों के जीवन को प्रभावित करती है, इसलिए इस व्यवस्था को पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ संचालित किया जाना चाहिए।

सोमवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' में आयोजित समाज कल्याण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने विभागीय योजनाओं की प्रगति, सेवा वितरण व्यवस्था और लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच का विस्तृत आकलन किया। बैठक में समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी

**बोले सीएम**



- हर माह 10 तारीख तक पेंशन भुगतान सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री

उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान कहा कि राज्य के आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के समग्र विकास की आधारशिला हैं। इसलिए इनके संचालन, उपस्थिति और सेवा वितरण की तकनीकी माध्यमों से नियमित एवं गहन निगरानी की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका और सहायिकाओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा लक्षित बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र जितने बेहतर ढंग से संचालित होंगे, बच्चों का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास उतना ही बेहतर होगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के लिए कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के माध्यम से सहयोग प्राप्त करने की संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र की सहभागिता से आंगनबाड़ी केंद्रों के बुनियादी ढांचे, संसाधनों और सुविधाओं में सुधार लाया जा सकता है।

## भाजपा ने नागेंद्र नाथ को बनाया राष्ट्रीय संगठक

**नई दिल्ली, 1 जून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को पार्टी का राष्ट्रीय संगठक (वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं केंद्रीय मुख्यालय के प्रभारी अरुण सिंह ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को पार्टी का नया राष्ट्रीय संगठक नियुक्त किया गया है।

ये नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। उनका केंद्र दिल्ली होगा। भाजपा में यह पद नया है, जिसका सृजन वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं की समस्या, सुझाव सुनने के लिए किया गया है।

## ईरान समझौते को तैयार जल्दबाजी में नहीं अमेरिका: ट्रम्प

**वाशिंगटन, 1 जून।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए इच्छुक है और उन्हें उम्मीद है कि संभावित समझौता न केवल अमेरिका बल्कि उसके सहयोगी देशों के लिए भी लाभकारी साबित होगा। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में तनाव और सुरक्षा संबंधी चिंताएं लगातार बनी हुई हैं तथा ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर जारी संदेश में कहा कि ईरान वास्तव में समझौता चाहता है। उन्होंने राजनीतिक

**वार्ता**

- परमाणु हथियार रोकना समझौते की सबसे अहम शर्त बताया
- संशोधित मसौदे में युद्धविराम, होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने और वार्ता की रूपरेखा

विरोधियों और अपनी ही पार्टी के कुछ नेताओं पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सार्वजनिक रूप से अलग-अलग सुझाव और टिप्पणियां देकर वे बातचीत की प्रक्रिया को जटिल बना रहे हैं।

ट्रम्प ने कहा कि कुछ लोग वार्ता को तेज करने की बात कर रहे हैं तो कुछ सैन्य कार्रवाई की वकालत कर रहे हैं, जिससे कूटनीतिक प्रयास प्रभावित होते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि अंततः सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रम्प प्रशासन ईरान के साथ प्रस्तावित समझौते के मसौदे में कुछ और संशोधन चाहता है। इस मसौदे का उद्देश्य क्षेत्र में युद्धविराम को आगे बढ़ाना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर नए सिरे से बातचीत के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना है।

## जून में महंगाई का झटका एलपीजी फिर महंगी

**नई दिल्ली, 1 जून।** जून महीने के पहले ही दिन महंगाई ने कारोबारियों को बड़ा झटका दिया है। तेल विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें सोमवार से लागू हो गई हैं। इस वृद्धि का सीधा असर होटल, रेस्तरां, ढाबा, कैटरिंग और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पड़ने की संभावना है, जिनकी संचालन लागत पहले से ही बढ़ती महंगाई के दबाव में है। नई कीमतों के अनुसार दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 42 रुपये महंगा होकर 3,113.50 रुपये का हो गया है। वहीं कोलकाता में इसकी कीमत 53.50 रुपये बढ़कर 3,255.50 रुपये पहुंच गई है। लगातार बढ़ती कीमतों ने व्यापारिक उपभोक्ताओं की चिंता और बढ़ा दी है। तेल कंपनियों ने सिर्फ कमर्शियल सिलेंडर ही नहीं, बल्कि 5 किलोग्राम वाले एफटीएल सिलेंडर की कीमत में भी 11 रुपये की वृद्धि की है। इसके बाद दिल्ली में 5 किलो का सिलेंडर 821.50 रुपये में उपलब्ध होगा।

## बिहारीगंज-बीरपुर रेल लाइन को मिलेगी गति : सांसद पप्पू यादव

**पूर्णिया, 01 जून (हि.स.)।** कोसी-सीमांचल क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित बिहारीगंज-बीरपुर नई रेल लाइन परियोजना को लेकर सकारात्मक पहल के बाद पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस रेल परियोजना की मांग उन्होंने वर्ष 1991 में पहली बार उठाई थी और लगभग 35 वर्षों बाद यह सपना साकार होने की ओर बढ़ रहा है।

उनके अनुसार यह रेल लाइन केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक प्रगति का नया आधार बनेगी। सांसद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में बिहार के लिए प्रस्तावित नई रेल लाइन परियोजनाओं के बीच बिहारीगंज वाया बनमनखी, मुरलीगंज, त्रिवेणीगंज, जदिया, छातापुर और प्रतापगंज होते हुए भीमनगर-बीरपुर तक लगभग 92 किलोमीटर लंबी रेल लाइन को लेकर उम्मीदें बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का सर्वेक्षण कार्य पहले ही पूरा हो चुका था, लेकिन वर्षों तक जरूरी कार्रवाई नहीं होने से मामला आगे नहीं बढ़ पाया। उन्होंने लगातार रेल मंत्रालय और रेलवे बोर्ड के समक्ष इस परियोजना को प्राथमिकता देने की मांग उठाई है। पप्पू यादव ने कहा कि रेल मंत्री को पत्र लिखने और मुलाकात के दौरान उन्होंने पूर्णिया, बनमनखी, बिहारीगंज और आसपास के क्षेत्रों की रेल जरूरतों को प्रमुखता से उठाया था। उनका कहना है कि इस रेल लाइन के निर्माण से सुपौल, सहरसा, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज सहित पूरे कोसी-सीमांचल क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी, जिससे व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी।

## लेबनान में भड़का संघर्ष, इजराइली हमलों में 12 की मौत

**बेरूत, 1 जून।** लेबनान में इजराइल और ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष एक बार फिर तेज हो गया है। रविवार को इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर व्यापक हवाई और जमीनी अभियान चलाया, जिसके जवाब में हिजबुल्लाह ने देर रात इजराइली सेना पर रॉकेट और तोप के गोलों से हमला करने का दावा किया।

दोनों पक्षों की कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता गहराने लगी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इजराइल ने रविवार को दक्षिणी लेबनान में 36 से अधिक हमले किए। इन हमलों में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

**जेपीसी का ब्लूप्रिंट तैयार, 2029 से शुरू होगी नई चुनावी व्यवस्था**

# दो चरणों में लागू होगी एक देश-एक चुनाव व्यवस्था!

प्रतिभा सिन्हा

**नई दिल्ली, 1 जून।** देश की चुनावी व्यवस्था में आजादी के बाद के सबसे बड़े सुधार की दिशा में केंद्र सरकार ने अपनी रणनीति को नया आकार देना शुरू कर दिया है। 'एक देश-एक चुनाव' की अवधारणा को व्यवहारिक धरातल पर उतारने के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) अब ऐसे संक्रमणकालीन मॉडल पर काम कर रही है, जिसके जरिए पूरे देश को बिना किसी बड़े राजनीतिक या संवैधानिक टकराव के साझा चुनावी चक्र में शामिल किया जा सके। सूत्रों के अनुसार समिति का झुकाव दो चरणों वाले ऐसे मॉडल की ओर है, जो राज्यों की विधानसभाओं के कार्यकाल में बड़े पैमाने पर हस्तक्षेप किए बिना इस महत्वाकांक्षी योजना को लागू करने का रास्ता खोल सकता है। जानकारी के मुताबिक जेपीसी ने जिस प्रारूप पर गंभीर

**तैयारी**

- 2029 में लोकसभा के साथ करीब 20 राज्यों के चुनाव कराने की तैयारी
- विधानसभाओं का कार्यकाल बड़े पैमाने पर घटाने-बढ़ाने से बचने की कोशिश

मंथन शुरू किया है, उसे 'टू-फेज ट्रांजिशन मॉडल' का नाम दिया गया है।

इस मॉडल का मूल उद्देश्य चुनावी कैलेंडर को व्यवस्थित करना है ताकि देश को हर कुछ महीनों में किसी न किसी चुनावी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़े। लगातार चुनावों के कारण प्रशासनिक मशीनरी, सुरक्षा बलों और सरकारी योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करना भी इस पहल का प्रमुख लक्ष्य माना जा रहा है।

समिति की अवधि मानसून सत्र 2026 तक बढ़ाए जाने के बाद अब रिपोर्ट को अंतिम रूप देने का काम तेज हो गया है। उम्मीद है कि मानसून सत्र के अंतिम चरण में जेपीसी अपनी सिफारिशें संसद के समक्ष रखेगी। रिपोर्ट में चुनावी चक्र के पुनर्गठन, संवैधानिक संशोधनों और राज्यों के कार्यकाल के सीमित समायोजन से जुड़े विस्तृत सुझाव शामिल हो सकते हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सरकार इस मुद्दे पर व्यापक सहमति बनाकर आगे बढ़ना चाहती है ताकि सुधार प्रक्रिया विवाद के बजाय सहमति का विषय बने। प्रस्तावित योजना के अनुसार पहला चरण वर्ष 2029 में लागू किया जा सकता है। उस समय होने वाले लोकसभा चुनावों के साथ देश के लगभग 20 राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव भी कराए जाने का प्रस्ताव है।

## बंगाल में भाजपा सरकार का महाविस्तार, 35 मंत्रियों ने ली शपथ

**कोलकाता, 1 जून।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के मंत्रिमंडल का पहला बड़ा विस्तार किया गया। लोकभवन में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आर. एन. रवि ने 35 नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्य मंत्रिमंडल में सदस्यों की कुल संख्या बढ़कर 41 हो गई है।

माना जा रहा है कि इस विस्तार के साथ भाजपा सरकार ने प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर अपनी पकड़ को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।

समारोह की शुरंआत वंदे मातरम और राष्ट्रीय गान के साथ हुई। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी स्वयं समारोह में मौजूद रहे और उन्होंने नव-नियुक्त मंत्रियों को बधाई दी। रविवार को ही मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल विस्तार की घोषणा कर दी थी, जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में नए चेहरों को लेकर चचाएं तेज हो गई थीं।

मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल ने मंत्रियों के नामों की घोषणा की। पूर्ण मंत्री के रूप में तापस राय, मनोज उरांव, अर्जुन सिंह, गौरीशंकर घोष, दीपक बर्मन, अरूप कुमार दास, स्वपन दासगुप्ता, कल्याण चक्रवर्ती, शंकर घोष और दुध कुमार मंडल समेत कई नेताओं ने शपथ ली। वहीं मालती रावा राय, राजेश महतो और इंद्रनील खां को स्वतंत्र प्रभार का दायित्व दिया गया। इसके अलावा अशोक डिंडा, कौशिक चौधरी, जुएल मुर्मू, हरेकृष्ण बेरा, शांतनु प्रमाणिक, पूर्णिमा चक्रवर्ती और अन्य नेताओं ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की।

# समेली में सुई-धागे से बदल रही महिलाओं की तकदीर

## दीदी की सिलाई घर बना महिलाओं की आत्मनिर्भरता का नया केंद्र



**समेली, कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** कटिहार जिले के समेली प्रखंड अंतर्गत चकला मौलानगर पंचायत भवन में प्रतिष्ठा जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, समेली द्वारा संचालित दीदी की सिलाई घर ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार का सशक्त मंच बनकर उभर रहा है। यह पहल न केवल महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर भी बना रही है।

जीविका दीदी सिलाई केंद्र का हाल ही में केंद्र का निरीक्षण प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुमार पप्पू, जीविका के बीपीएम प्रकाश सिंह, एसी सुमित कुमार, उपप्रमुख कंचन देवी, मुखिया राजेश कुमार मंडल, सरपंच मनोज पटेल, पंचायत समिति सदस्य अमरेंद्र माधव, जदयू नेता मनोज मंडल, दिलीप कुमार साह एवं सुनील कुमार शर्मा ने किया।

केंद्र में वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए पोशाक तैयार की जा रही है। इस पहल के तहत लगभग 35 जीविका दीदियों को रोजगार मिला है। कार्य शुरू करने से पहले सभी महिलाओं को सात दिनों का विशेष सिलाई-कटाई प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे सिलाई कार्य में दक्ष बन सकें।

प्रशिक्षण के बाद महिलाएं प्रतिदिन 5 से 8 सेट पोशाकों की सिलाई कर रही हैं। जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक प्रकाश सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि दीदियों द्वारा तैयार पोशाकें आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री भी उपलब्ध हो रही है। एसी सुमित कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कुल 120 महिलाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। फिलहाल 34 जीविका दीदियों को चार बैचों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भविष्य में सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए यूनिफॉर्म तैयार करने की भी योजना है, जिससे ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

इस पहल का सकारात्मक असर महिलाओं की आय पर भी दिखाई दे रहा है। वर्तमान में सिलाई केंद्र से जुड़ी महिलाएं प्रतिमाह लगभग 6 से 8 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और उनमें आत्मविश्वास एवं आत्मसम्मान का विकास हुआ है। प्रशिक्षक राहुल कुमार मंडल ने कहा कि जीविका दीदियां अब केवल घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की नई पहचान बन रही हैं। सिलाई प्रशिक्षण उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत कर रहा है।

कार्यक्रम में सीएलएफ की एमबीके गीता कुमारी, अध्यक्ष पिंकी देवी, सचिव रूबी देवी, कोषाध्यक्ष मंजू देवी, एमआईएस पवन कुमार, प्रशिक्षक खुशबू कुमारी, प्रवीण कुमार, उत्तम कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु जीविका दीदियां उपस्थित थीं। ह्लदीदी की सिलाई घरह्व आज केवल एक उत्पादन केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बन गया है। यह पहल महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार और ग्रामीण विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

# सहयोग शिविर आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम : डीएम



**दरभंगा, 01 जून (तरुणमित्र)।** समाहरणालय स्थित अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसमें मानवाधिकार, लोकायुक्त, आरटीपीएस, न्यायालयों में लंबित वाद, मुख्यमंत्री जनता दरबार, एसी-डीसी बिल, सहकारिता, कृषि, राजस्व एवं जन शिकायत सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई।

इस दौरान जिलाधिकारी ने आज आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचलाधिकारियों को शिविर तथा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त लंबित आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी वरीय पदाधिकारियों को शिविर स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का आकलन करने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से पूरी करें। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सहयोग शिविर में निर्धारित 14 विभागीय स्टॉलों के अतिरिक्त एक अलग हेल्प डेस्क की स्थापना करें ताकि आम नागरिकों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही प्रत्येक स्टॉल पर पंजी संधारित करने तथा प्राप्त आवेदनों को निर्धारित समयावधि में पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने शिविर में आने वाले नागरिकों के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था, छाया, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों को उच्च न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अपर समाहर्ता (राजस्व) मनोज कुमार, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) राकेश कुमार, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) सलीम अख्तर, जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रैक पॉइंट पर सुविधाओं का है घोर अभाव, जर्जर गोदाम शेड के नीचे संचालन

## भीषण गर्मी में पेयजल तक की भी नहीं है सुविधा

**कुरसेला, कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** कुरसेला रेलवे माल गोदाम रैक पॉइंट पर मक्का लोडिंग का कार्य जारी हो गया है। प्रतिदिन सैकड़ों मैट्रिक टन मक्का लोडिंग का कार्य होता है, जिससे लाखों रुपए का व्यवसाय तथा भारी मात्रा में रेलवे को किराया प्राप्त होता है लेकिन यहाँ सुविधाओं की बात कि जाए तो यहाँ ना ही पेय जल कि व्यवस्था है और ना ही एक अदद शौचालय की। इसके अलावा इस भीषण गर्मी मे मजदूर बिना शेड एवं पंखे के कार्य करने को मजबूर हैं।

बताते चलें कि अपनी मेहनत की बदौलत क्षेत्र के किसानों ने केला के बाद अब मक्का की खेती कर अपनी तकदीर ही नहीं बल्कि क्षेत्र की तस्वीर भी बदल रहे हैं। मक्के की अच्छी पैदावार के कारण यह क्षेत्र मक्के का कटोरा बन गया है। वर्तमान में यहां से बड़ी मात्रा में मकई की आपूर्ति बाहर की जा रही है। कुरसेला प्रखंड सहित बरारी,कोढ़ा प्राणपुर, मनसाही आदि प्रखंडों में मकई की फसल लहलहा रही है। यहां की कुल भूमि में आधे से अधिक पर मकई की खेती की जाती है।

मक्के की फसल साल में दो बार लगायी जाती है। लेकिन बड़े पैमाने पर इसकी खेती अक्टूबर से अप्रैल माह में होती है। अक्टूबर से फसल बुआई शुरू होती है एवं मार्च से कटाई शुरू हो जाती है। एक एकड़ में 35 से 40 क्विंटल तक मकई की उपज होती है। बाजार भाव ठीक रहने से मकई की कीमत बढ़ने कि संभावना है। जिससे किसानों को खासा मुनाफा भी मिलेगा। इस बार भी प्रखंड क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर किसानों ने मकई की खेती की है। वर्तमान में मक्का 18 से 19 सौ रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा है। व्यवसाईयों आर.के. गुप्ता, मुन्ना साह, रितेश कुमार, अरुण जायसवाल आदि का कहना है कि जिले में मकई की खेती नगदी फसल के रूप में की जाती है। इसका व्यवसाय सालों भर होता है।

अगर सरकार के द्वारा मक्का आधारित उद्योग लगाया जाए तो यह क्षेत्र औद्योगिक रूप में विकसित हो जाएगा। साथ ही सरकारी समर्थन मूल्य का निर्धारण हो और मक्का पर आधारित उद्योग लग जाए तो यहां के किसानों की तकदीर बदल सकती है।

**क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि**

मुख्य पार्षद लवली कुमारी का कहना है कि कुरसेला प्रखंड क्षेत्र में मकई की अच्छी खेती होती है। इसलिए मक्का आधारित उद्योग यहां लगाने के लिए सरकार से मांग की जाएगी।

# जन सुनवाई कार्यक्रम में एडीएम ने आमजनों की सुनी समस्या

**दरभंगा, 01 जून (तरुणमित्र)।** निश्चय पार्ट 3 सबका सम्मान, जीवन - आसान कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी कौशल कुमार के निर्देश पर अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता एवं अपर समाहर्ता विभागीय जांच राकेश कुमार की अध्यक्षता में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। एडीएम ने जनसुनवाई में परिवादियों का सम्मान के साथ बैठाकर उनके समस्याओं को सुना और समाधान का प्रयास किए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि परिवादियों को बार - बार ऑफिस का चक्कर नहीं लगवायें। उनकी समस्याओं का समाधान ससमय करना सुनिश्चित करें। यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। अपर समाहर्ता ने सभी आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके समाधान के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# तीन फरार वारंटी के घर पुलिस ने इश्तहार चस्पा किया



**कुरसेला, कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** कटिहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज आपराधिक मामलों में फरार चल रहे अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने आज विशेष अभियान चलाया।

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कई आरोपी के इश्तेहार तामिला करते हुए फरार अभियुक्तों के घरों व संभावित ठिकानों पर नोटिस चस्पा किया। इस अभियान के तहत कुरसेला थाना क्षेत्र में पुलिस ने गांव-गांव जाकर लोगों को सूचित किया कि नामजद अभियुक्त शीघ्र न्यायालय में उपस्थित हों अन्यथा आगे कठोर कार्रवाई की जाएगी।कुरसेला थानाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में आरोपी बेचन चौधरी घर मजदिया, विनोद मंडल घर मलिनियां तथा पुतली कुमार घर तीनघड़िया तीनों थाना कुरसेला जिला कटिहार में इश्तेहार तामिला की गई। उन्होंने बताया कि न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करने और फरार रहने की स्थिति में कोर्ट ने सम्मन जारी कर इश्तहार चिपकाने का निर्देश दिया था। इश्तहार चिपकाने के 30 दिन के अंदर आत्मसमर्पण नहीं किये जाने पर घर की कुर्की की कार्रवाई की जायेगी। फरार अभियुक्तों को पकड़ने के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को कटिहार में महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सुना



**कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के प्रसारण के अवसर पर रविवार को कटिहार नगर निगम वार्ड संख्या-14 में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा पश्चिम मंडल द्वारा सामूहिक श्रवण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व महिला मोर्चा पश्चिम मंडल की अध्यक्ष रीना तिवारी ने किया। इस दौरान मंडल की सैकड़ों की संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण एवं जनभागीदारी से जुड़े विचारों से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनीता देवी, सोनी देवी, मनी कुमारी, बबीता देवी, विभा मिश्रा, सुनीता झा, मनोरमा देवी, करुणा देवी, पूजा कुमारी, प्रेमलता देवी, बिमला देवी सहित मंडल की अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

वही कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज हित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन और जन-जागरूकता का सशक्त माध्यम बन चुका है।

**एसएसबी में खेल कोटा से बहाली, 6 जून तक आखिरी तिथि**

गया।जिला के समस्त खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल संघों को सूचित किया जाता है कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा खेल कोटा के अंतर्गत कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।भर्ती प्रक्रिया के तहत विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों को नियुक्ति का अवसर प्रदान किया जाएगा।प्राप्त सूचना के अनुसार तीरंदाजी (पुरुष एवं महिला) तथा एथलेटिक्स (पुरुष) सहित विभिन्न खेल स्पधाओं में कुल 404 रिक्त पदों पर भर्ती की जानी है।भर्ती हेतु केवल वे खिलाड़ी पात्र होंगे जिन्होंने अधिसूचना में वर्णित मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया हो अथवा पदक प्राप्त किया हो।जिला खेल कार्यालय, गया द्वारा जिले के पात्र खिलाड़ियों को आवेदन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया जाएगा।अतः इच्छुक खिलाड़ी अपने खेल उपलब्धियों से संबंधित प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की

# गोविंदपुर के पास शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो युवक गिरफ्तार




**कोलासी, कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** रौतारा थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान शराब के नशे में सड़क किनारे हंगामा कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गोविंदपुर के पास कुछ लोग शराब के नशे में सड़क किनारे काफी हो-हल्ला कर रहे हैं और राहगीरों को भी परेशान कर रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस ने इसकी जानकारी वरीय पदाधिकारियों को देते हुए सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पलटनिया क्षेत्र में छापेमारी की। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने दो व्यक्तियों को सड़क किनारे शोर-शराबा करते हुए पाया। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपनी पहचान विनोद उरांव (26 वर्ष), पिता स्वर्गीय रमलू उरांव, निवासी पलटनिया तथा बुधु मंडल (20 वर्ष), पिता हरि मंडल, निवासी पलटनिया, थाना रौतारा, जिला कटिहार के रूप में बताई। पुलिस के अनुसार नाम-पता पूछने के दौरान दोनों के मुंह से शराब जैसी तीखी गंध आ रही थी।

इसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। आवश्यक कानूनी एवं कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपितों को कटिहार न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया। रौतारा थाना प्रभारी लालसार बिंद ने बताया कि क्षेत्र में शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन कराया जा रहा है और कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर शब्दवीणा का भव्य कवि सम्मेलन सम्पन्न

**गया जी, 01 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण और हम विषय पर एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुगली जिले के नूतनपारा, खुड़ीगाछी स्थित श्री गणेश भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा साहित्य के माध्यम से प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का संदेश प्रसारित करना था। कार्यक्रम का संयोजन एवं समन्वयन शब्दवीणा की पश्चिम बंगाल प्रदेश समिति के अध्यक्ष रामनाथ बेखबर, सचिव राम पुकार सिंह, संगठन मंत्री डॉ. शिव प्रकाश दास तथा प्रचार मंत्री संजीव कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से किया। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने इस आयोजन को साहित्य और सामाजिक सरोकारों के समन्वय का एक सार्थक एवं प्रेरणादायी प्रयास बताया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अर्चित यादव द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार शंकर रावत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि रणजीत भारती मुख्य अतिथि तथा अशोक कुमार पाण्डेय एवं डॉ. शाहिद फरोगी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. शिव प्रकाश दास एवं रामनाथ बेखबर ने संयुक्त रूप से किया।कवि सम्मेलन के प्रारंभ में सुप्रसिद्ध शायर बशीर बद्र तथा स्थानीय साहित्यकार राजकमल सारथी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार वर्मा, अनुज रजक, हरेन्द्र यादव, रोहन राजभर, समीर राजवंशी, अर्चित यादव, रूपेश यादव, पूजा लाहेरी, संजू शर्मा, नेहा साव, निधि यादव, स्नेहा कुमारी साव, विशाल यादव, अजय मंडल, संजू माइती, सुग्रीव यादव, राज राय, सुमित महतो एवं चर्चित यादव सहित अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कवियों ने प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण, जल-संकट, वृक्षारोपण तथा जैव-विविधता जैसे विषयों पर अपनी भावपूर्ण रचनाएँ प्रस्तुत कर श्रोताओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

रामनाथ बेखबर ने अपनी कविता हँसते हैं पेड़, तब भी हँसते हैं, जब इनकी शाखों पर चिड़ियाँ आती हैं, बसेरा बसाती हैं, चहक-चहक कर गाती हैं, और फिर नील गगन में फुर्र से उड़ जाती हैं द्वारा वृक्षों और पक्षियों के आत्मीय संबंध पर प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि रणजीत भारती ने रबादल-बादल बरसा पानी, सबका मन हर्षाए, कोई परिंदा इस धरती पर प्यासा न रह जाए द्वारा जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए जीव-जगत के प्रति संवेदना व्यक्त की।

संजीव कुमार दुबे ने घर शीर्षक कविता में आधुनिक पारिवारिक विडंबनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि समस्या यह थी कि ये छवि-घर, घर के हर सदस्य से मिलते कम, टकराते ज्यादा थे। इसलिए एक घर में रहते हुए भी सब पूरे कम, आधे-अधूरे ज्यादा थे। दिवंगत साहित्यकारों को स्मरण करते हुए डॉ. अजय कुमार वर्मा ने श्रद्धांजलि स्वरूप अपनी पंक्तियाँ प्रस्तुत कीं– श्रद्धा-सुमन तुम्हें अर्पण, तुम जहाँ भी रहो, जिस जहाँ में रहो, खिलता ही रहे उस जहाँ का चमन। विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार पाण्डेय की व्यंग्यात्मक रचना पॉकेट से निकलल दस टकिया, खड़ा हो गइल सबके खटिया पर खूब तालियाँ बजीं।

# सीयूएसबी की तीन छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट

**टिकारी (गया), 01 जून (तरुणमित्र)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के समाजशास्त्रीय अध्ययन विभाग के एम.एस.डब्ल्यू. के अंतिम वर्ष की दो छात्राओं को प्लेसमेंट के माध्यम से नागरिक समाज और सामाजिक क्षेत्र के संगठनों में रोजगार का अवसर मिला है। बिरल राज का एक सहयोगात्मक सामाजिक प्रभाव संगठनों के नेटवर्क, बिहार डेवलपमेंट कलेक्टिव (आधिकारिक रूप से बीडीसी इम्पैक्ट फाउंडेशन के रूप में पंजीकृत) में प्रोग्राम एसोसिएट के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

विभाग की अन्य छात्रा नंदनी कुमारी का कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से शिक्षा, समानता एवं मानव विकास के क्षेत्रों में पूरे भारत में कार्यरत प्रतिष्ठित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में चयन हुआ है।वहीं मनोवैज्ञानिक विज्ञान के फाइनल वर्ष की छात्रा दीक्षा झा का भी अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में एसोसिएट रिसर्च पर्सन पद के लिए चयन हुआ है।इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह एवं कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा ने चयनित छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कुलपति प्रो के. एन. सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं का प्लेसमेंट के माध्यम से चयन होना सीयूएसबी के शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रमाणित करता है।

जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने सोमवार को बताया कि प्लेसमेंट होने पर छात्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपने शिक्षकों के प्रति कुशल मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर समाजशास्त्रीय अध्ययन विभाग के प्राध्यापकों प्रो. समापिका महापात्रा (विभागाध्यक्ष), प्रो. एम. विजय कृष्ण शर्मा, प्रो. अनिल कुमार सिंह झा, डॉ. सनत कुमार शर्मा, डॉ. जितेंद्र राम, डॉ. हरेश नारायण पांडेय, डॉ. प्रियरंजन, डॉ. पारिजात प्रधान एवं डॉ. ए.पी. कबीर शामिल आदि ने भी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## संक्षिप्त समाचार

### 5 जून तक सभी ग्राम पंचायतों में चलेगा स्वच्छ गांव-सुरक्षित जलवायु अभियान

**दरभंगा, 01 जून (तरुणमित्र)।** समाहरणालय स्थित अंबेडकर सभागार में डीडीसी स्वप्निल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीसी एलएसबीए, मुखिया एवं संबंधित अधिकारियों के साथ स्वच्छ गांव - सुरक्षित जलवायु अभियान के संचालन तथा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण इंडिकेटरों की समीक्षा की गई। बैठक में स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित योजनाओं की प्रगति का आकलन करते हुए महादलित टोलों में शौचालय निर्माण, जियो टैगिंग, पे-आई सृजन, लाभुकों को भुगतान, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था, ई-रिक्शा एवं पी-रिक्शा की कार्यशीलता, अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों के निर्माण, सामुदायिक स्वच्छता परिसर (सीएससी) के निर्माण एवं संचालन, ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों के विकास, सत्यापन कार्य तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र के स्थिति की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंडों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता संबंधी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### विधानसभा में सत्तारूढ़ दल का सचेतक नियुक्त होने पर बेनीपुर विधायक का हुआ अभिनंदन

**दरभंगा, 01 जून (तरुणमित्र)।** बेनीपुर के विधायक प्रो.विनय कुमार चौधरी को बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल का सचेतक नियुक्त किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष हरी भूषण ठाकुर बचौल, प्रदेश मंत्री अंजनी निषाद, जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं ने प्रो. चौधरी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बचौल ने कहा कि प्रो. विनय कुमार चौधरी का राजनीतिक एवं प्रशासनिक अनुभव बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतक के रूप में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उनके नेतृत्व और अनुभव से संगठन एवं सरकार दोनों को मजबूती मिलेगी। अपने संबोधन में प्रो.विनय कुमार चौधरी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है उसका निर्वहन पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होगी तथा वे सदैव जनता और कार्यकताओं के हितों के लिए कार्य करते रहेंगे। मौके पर प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष राजू तिवारी, राजेश रंजन, सोनी पूर्वे, विकास रजक, सुनील चौधरी, जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, संतोष पोद्दार, विजय चौधरी,जिला मंत्री सचिन जैन, मीरा मेहता, राहुल पासवान, बालेंदु झा, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, अमरनाथ सिंह, बबलू मिश्र आदि मौजूद थे।

### डीएम ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएँ

**गया, 01 जून (तरुणमित्र)।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 100 से अधिक आमजनों की समस्याएँ सुनीं।इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने डीएम के समक्ष रखा।डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

### धिरेन्द्र कुमार वर्मा जदयू वजीरगंज के प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत

**वजीरगंज (गया), 01 जून (तरुणमित्र)।** जनता दल यूनाइटेड के सांगठनिक ढांचे को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गया जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा उर्फ ई० अजय कुशवाहा ने वजीरगंज प्रखंड के केनारडीह निवासी धिरेन्द्र कुमार वर्मा को जदयू वजीरगंज का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया है।पटना द्वारा जारी मनोनयन पत्र में जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व को पूर्ण विश्वास है कि धिरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि अपने प्रखंड में संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। साथ ही पार्टी की नीतियों और राज्य सरकार द्वारा किए गए जन-कल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे एवं सभी कार्यकताओं को साथ लेकर पूरी निष्ठा व लगन से दायित्वों का निर्वहन करेंगे।मनोनयन की खबर मिलते ही वजीरगंज प्रखंड के जदयू कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है।कार्यकताओं ने नए प्रखंड अध्यक्ष को बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। धिरेन्द्र कुमार वर्मा ने मनोनयन पर जिलाध्यक्ष एवं पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया और कहा कि वे संगठन हित में पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे।

### वरित कार्रवाई कर अपने आप को साबित कर दिखाया कि मेहनत के बल से हैं आगे बढ़ा जा सकता है

**गयाजी, 01 जून (तरुणमित्र)।** देश के सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले टॉप 100 आईएएस में पटना के जिला पदाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस एम और जिले के डीएम शंशाक शुभंकर को शामिल किए जाने पर जदयू के वरिष्ठ नेता सह जिला कार्यक्रम कार्यन्यवन समिति 20 सूत्री सदस्य डॉ जितेंद्र कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि जिले के पूर्व जिला पदाधिकारी डॉ0 त्याग राजन एस एम एवं वर्तमान जिला पदाधिकारी की अपनी मेहनत, अनुशासन, लग्न से कार्य को गंभीरता पूर्वक लगातार जनहित में लोगों को समस्या सुनते रहे हैं।और गंभीरता पूर्वक हर छोटी बड़ी समस्याओं को त्वरित कार्रवाई कर अपने आप को साबित कर दिखाया कि मेहनत के बल से हैं आगे बढ़ा जा सकता है। जिले में चाहे पितृपक्ष की मेला, दशहरा रामनवमी एक बकरीद जैसे खास त्यौहारों में शांतिपूर्वक जन सहयोग के माध्यम से सफलता बहुत संपन्न कराने में अग्रणी भूमिका रहा है।डॉ0 कुमार ने इसे अधिकारियों की प्रति उज्जवेल भविष्य के कामना किया।

### विभिन्न ज्वेलरी दुकानों का निरीक्षण किया

**गया, 01 जून (तरुणमित्र)।** जिले के एसएसपी सुशील कुमार एवं सीटी डीएसपी एक सरोज कुमार साह द्वारा अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ सोमवार को विभिन्न ज्वेलरी दुकानों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं सतर्कता संबंधी व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया तथा संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# सीमांचल एक्सप्रेस पैंट्री कार कर्मचारियों की दादागिरी, सीट को लेकर मारपीट, छह हिरासत में

**अररिया, 01 जून (तरुणमित्र)।** आनंद विहार से जोगबनी चलने वाली सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12488 में पैंट्री कार कर्मचारियों की दादागिरी का शिकार अधिवक्ता और उनकी पत्नी हुई। जनरल बोगी में कब्जा जमाकर यात्रियों से पैसे लेकर सीट देने के सवाल पर कहासुनी में पैंट्री कार कर्मचारियों ने अधिवक्ता और उनकी पत्नी के साथ मारपीट कर अधिवक्ता का सर फोड़ दिया। कथित रूप से महिला यात्री का मोबाइल और चेन छीन लिया गया।



इतना ही नहीं फारबिसगंज स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर उसे रिसीव करने के लिए पहुंचे उनके दो भाइयों को भी पैंट्री कार कर्मचारियों ने ट्रेन के अंदर खींच लिया और उसके साथ मारपीट की घटना की गई। जिसके बाद ट्रेन में लोकल सवार हुए यात्रियों ने हंगामा मचाना शुरू किया और चेन पुलिंग कर फारबिसगंज स्टेशन से आगे केजे 65 रेलवे फाटक से पहले फुलवरिया हाट के पास ट्रेन को रुकवाया और जीआरपी और आरपीएफ के साथ फारबिसगंज थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

जिसके बाद मौके पर फारबिसगंज डीएसपी राजकिशोर प्रसाद, फारबिसगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार, आरपीएफ प्रभारी उमेश प्रसाद सिंह, जोगबनी आरपीएफ प्रभारी अनूप तिवारी, अररिया आरपीएफ इंचार्ज जगदीश रजक, जोगबनी जीआरपी प्रभारी दीपनारायण हेम्ब्रम, एएसआई के. एन. सिंह समेत भारी संख्या में जीआरपी और आरपीएफ कर्मियों के साथ थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपित सभी छह पैंट्री कार कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए सभी छह पैंट्री कार के प्रभारी उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। गिरफ्तार पैंट्री कार कर्मचारियों से फारबिसगंज आरपीएफ कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। घटना को लेकर ढोलबज्जा वार्ड संख्या आठ के रहने वाले घायल अधिवक्ता अबू शमा और उसकी पत्नी नुसरत प्रवीण ने बताया कि उत्तरप्रदेश के चंदौली में सकलडीहा इंटर कॉलेज में नुसरत प्रवीण बीएड की परीक्षा देने के लिए गई थी।

परीक्षा संपन्न के बाद आरक्षित टिकट नहीं मिलने पर जनरल टिकट लेकर वे लोग दीनदयाल उपाध्याय नगर स्टेशन पर सीमांचल एक्सप्रेस संख्या वाले 12488 के जनरल बोगी में सवार हो गए। जैसे ही वे लोग जनरल बोगी में सवार हुए, उस बोगी पर पैंट्री कार के कर्मचारी कब्जा जमाए हुए थे और पैसे लेकर सीट पर यात्रियों को बैठने के लिए दे रहे थे। करीबन एक घंटे तक खड़े रहने के बाद जब बैठने के लिए सीट देने की आरजू की गई तो वे लोग कहासुनी पर उतर गए और फिर मारपीट करना शुरू कर दिया। पति के साथ मारपीट होता देख नुसरत प्रवीण जब उन्हें बचाने के लिए बीच बचाव के लिए गई तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

पैंट्री कार कर्मचारियों ने अधिवक्ता अबू शमा का सर फोड़ दिया। ट्रेन में ही एक गार्ड के दिखने पर जब शिकायत की गई तो उन्हें जनरल बोगी के दरवाजे पर खड़े होने के लिए कह दिया गया। इसी दौरान ट्रेन में अबु शमा की तबीयत बिगड़ गई और नुसरत प्रवीण ने घर पर भाई को फोन कर रिसीव करने के लिए बुला लिया। फारबिसगंज स्टेशन पर पीड़िता के भाई मो.बरकत अली और मो.रहमत अली पिता नूर आलम पहुंचे। फारबिसगंज स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद ट्रेन खुलने पर पैंट्री कार कर्मचारियों ने जबरदस्ती दोनों भाइयों को ट्रेन में चढ़ा लिया और उनके साथ भी मारपीट करने लगा। स्टेशन से आगे मारपीट का अन्य यात्रियों ने विरोध किया और फिर चेन पुलिंग कर ट्रेन रुकवा दिया। करीबन 40 मिनट ट्रेन केजे 65 रेलवे फाटक फुलवरिया हाट के पास ट्रेन रुकी रही और फिर जीआरपी और आरपीएफ सहित थाना पुलिस के आने के बाद आरोपित पैंट्री कार कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया।

हिरासत में लिए गए पैंट्री कार कर्मचारियों में उत्तरप्रदेश के बरेली जिला के सुभाषनगर थाना क्षेत्र के बिलिया नारायणपुर के 23 वर्षीय गोपी पिता पूरनलाल, जालौन जिला के माधवगढ़ थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गांव के 24 वर्षीय गोविंद सिंह पिता विनोद सिंह, फिरोजाबाद जिला के टुंडला थाना क्षेत्र के टुंडला बन्ना गांव के 34 वर्षीय सुरेन्द्र कुमार पिता रामखिलाड़ी, कासगंज जिला के सोरम थाना क्षेत्र के लहरा गांव के 22 वर्षीय सर्वेश कश्यप पिता प्यारेलाल, अलीगढ़ जिला के कुवारिशी थाना क्षेत्र के पंच विहार कॉलोनी के 23 वर्षीय अजीत कश्यप पिता प्रेम प्रकाश और फिरोजाबाद जिला के टुंडला बन्ना गांव के 28 वर्षीय राजकुमार पिता गेंदालाल शामिल हैं।

# विभिन्न मांगों को लेकर सुरक्षाकर्मियों का धरना-प्रदर्शन

**भागलपुर, 01 जून (तरुणमित्र)।** विभिन्न मांगों को लेकर जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने सोमवार को सामूहिक कार्य बहिष्कार करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। सामानता सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी अस्पताल परिसर में जुटे और अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन कर रहे सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि करीब 10 दिन पूर्व भी उन्होंने अपनी मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया था। उस समय संबंधित अधिकारियों और एजेंसी प्रबंधन ने समस्याओं के समाधान के लिए 10 दिनों का समय मांगा था। अधिकारियों के आश्वासन पर आंदोलन को स्थगित कर दिया गया था और सभी सुरक्षाकर्मी अपने कार्य पर लौट गए थे।

आरोप है कि तय समय सीमा समाप्त होने के बावजूद उनकी मांगों के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे नाराज होकर उन्होंने आज दोबारा कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने वेतन वृद्धि, नियमित अवकाश, वर्दी और पीएफ जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग दोहराई। कार्य बहिष्कार के कारण अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। जेएलएनएमसीएच में प्रतिदिन हजारों मरीज और उनके परिजन पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा कर्मियों की अनुपस्थिति से अस्पताल परिसर में व्यवस्था बनाए रखने में परेशानी हो सकती है।

खासकर ओपीडी, इमरजेंसी, वार्डों तथा अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं के संचालन पर असर पड़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है। प्रदर्शन कर रहे सुरक्षाकर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। वहीं अस्पताल प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## नि:शुल्क नाव परिचालन को लेकर डीएम ने की बैठक

**भागलपुर, 01 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में बरारी घाट से महादेवपुर घाट तक निःशुल्क नाव यात्रा को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में बरारी घाट अवस्थित नियंत्रण कक्ष में निजी नाव चालकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निजी नाव चालकों की सहमति से प्रति व्यक्ति एवं मोटरसाइकिल के लिए एक निर्धारित दर निर्धारित की गई, जिसका व्यय सरकार करेगी। निजी नाव चालक किसी भी यात्री से भाड़ा नहीं लेंगे। दो पहिया वाहन के लिए भी कोई शुल्क नहीं लगेगा। निःशुल्क नाव संचालन के लिए अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है। कमेटी में निजी नाव चालकों के भी सदस्य रहेंगे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन कुंदन कुमार, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नगर अजय कुमार चौधरी उपस्थित थे।

## अज्ञात युवती का शव बरामद, छानबीन में जुटी पुलिस

**भागलपुर, 01 जून (तरुणमित्र)।** जिले के बाथ थाना क्षेत्र के कहरारिया पंचायत स्थित बड़हारा बहियार में सोमवार को एक अज्ञात युवती का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस के प्रारंभिक जांच में धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस शव की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। बताया जा रहा है कि आज सुबह स्थानीय ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर कलिया नदी किनारे झाड़ियों में पड़े एक युवती के शव पर पड़ी। शव मिलने की सूचना फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई।

ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना बाथ थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मंटू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका की उम्र लगभग 25 वर्ष प्रतीत हो रही है। प्रथम दृष्टया धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किए जाने की आशंका है। युवती के शरीर पर कई स्थानों पर चोट और खरोंच के निशान भी पाए गए हैं। शव को नदी किनारे झाड़ियों में फेंककर पहचान छिपाने का प्रयास किया गया है। मृतका की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों से संपर्क किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# बाबूपुर घाट पर बंद है जहाज का परिचालन, यात्रियों को हो रही परेशानी

**भागलपुर, 01 जून (हि.स.)।** जिले के बाबूपुर गंगा घाट पर बीते 29 मई से जहाज सेवा बंद रहने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहाज बंद होने को लेकर अलग-अलग कारण सामने आ रहे हैं। जहाज के स्टाफ का कहना है कि तकनीकी खराबी के कारण जहाज का परिचालन फिलहाल संभव नहीं है और मरम्मत होने तक सेवा बहाल नहीं की जा सकती। वहीं, मौके पर मौजूद एक चालक ने आरोप लगाया कि जहाज को जानबूझकर बंद रखा गया है।

चालक का कहना है कि जहाज चलाने के लिए कहा गया था, लेकिन जहाज के स्टाफ ने संचालन से इनकार कर दिया। चालक के अनुसार, जहाज के स्टाफ सदस्य आनंद कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि जहाज नहीं चलेगा।



उधर घाट पर मेडिकल टीम, एम्बुलेंस और पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उस समय मौके पर कोई मजिस्ट्रेट मौजूद नहीं था। जहाज सेवा बंद होने से नदी पार करने वाले स्थानीय लोगों, मरीजों और दैनिक यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर शीघ्र जहाज सेवा बहाल कराने की मांग की है।

अब यह जांच का विषय है कि जहाज वास्तव में तकनीकी खराबी के कारण बंद है या फिर इसके पीछे कोई अन्य कारण है। स्थानीय लोगों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 9 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

**गया, 31 मई (तरुणमित्र)।** जिले में पुलिस प्रशासन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सुशील कुमार ने एक प्रशासनिक फेरबदल किया है।रविवार को जारी आदेश के तहत जिले के विभिन्न थाना और पुलिस प्रतिष्ठानों में कार्यरत कुल 9 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है।इन सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।नगर यातायात थाना के थानाध्यक्ष अजीत कुमार को मोहनपुर थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है।पुलिस केंद्र में पदस्थापित सुनील कुमार द्विवेदी को बेलागंज थाना की कमान सौंपी गई है।इसी प्रकार, पुलिस केंद्र में प्रभारी परिवीक्षा प्रवर के पद पर कार्यरत मुकेश कुमार वर्मा को नगर यातायात थाना का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।अतरी थाना के थानाध्यक्ष राज कोरल और मोहनपुर थाना के थानाध्यक्ष संजय कुमार का स्थानांतरण पुलिस केंद्र में किया गया है।रामपुर में पदस्थापित प्रमोद कुमार को कोठी थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है।पूरा थाना के थानाध्यक्ष अजय कुमार को अतरी थाना का दायित्व सौंपा गया है।चंदौती में पदस्थापित सुमिता राज को पूरा थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि कोठी थाना के थानाध्यक्ष संजीत कुमार को गया पुलिस केंद्र में पदस्थापित किया गया है। इस फेरबदल के संबंध में एसएसपी सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस विभाग में प्रशासनिक आवश्यकताओं और कार्यकुशलता को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर स्थानांतरण किए जाते हैं।उन्होंने कहा कि यह निर्णय जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने और जनता को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लिया गया है।एसएसपी ने सभी नए पदस्थापित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, जन शिकायतों के निपटारे और सामुदायिक पुलिसिंग को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है।

### ग्लोबल डे ऑफ पेरेंट्स के अवसर पर माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त कर मनाया गया दिवस

**गयाजी, 31 मई (तरुणमित्र)।** ग्लोबल डे ऑफ पेरेंट्स के शुभ अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अपने माता-पिता का चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा इस विशेष दिवस को श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता के साथ मनाया।इस अवसर पर उन्होंने समाज के लोगों से भी अपने माता-पिता के प्रति सम्मान, सेवा और समर्पण की भावना रखने का आह्वान किया।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि माता-पिता हमारे जीवन के प्रथम गुरु होते हैं।उनके त्याग, तपस्या, प्रेम और संस्कारों के कारण ही हम जीवन में आगे बढ़ पाते हैं।उन्होंने कहा कि आज के समय में जब भौतिकता और व्यस्तता बढ़ती जा रही है, तब माता-पिता के प्रति सम्मान और उनके साथ समय बिताना और भी महत्वपूर्ण हो गया है।उन्होंने कहा कि हम सभीसौभाग्यशाली हैं कि हमें अपने माता-पिता का स्नेह और मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।उन्होंने कहा कि ग्लोबल डे ऑफ पेरेंट्स केवल एक दिवस नहीं, बल्कि माता-पिता के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।इस दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने माता-पिता की सेवा करेंगे, उनका सम्मान करेंगे तथा उनके बताए हुए आदर्शों और मूल्यों का पालन करेंगे।डॉ. मिश्रा ने अपने माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि उनके जीवन में जो भी उपलब्धियां हैं, उनमें माता-पिता के संस्कार, मार्गदर्शन और आशीर्वाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### मायागंज अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों के बीच चली लाठियां

**भागलपुर, 01 जून (तरुणमित्र)।** भागलपुर के मायागंज अस्पताल में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब अस्पताल की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी ही आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते अधीक्षक कार्यालय के सामने शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया और अस्पताल परिसर रणक्षेत्र बन गया। पूर्वी बिहार के सबसे बड़े अस्पताल मायागंज अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। बताया जा रहा है कि निजी कंपनी के सुरक्षाकर्मी वेतन वृद्धि, अवकाश और अन्य मांगों को लेकर अस्पताल अधीक्षक कार्यालय के सामने धरना दे रहे थे। इसी दौरान बांका से पहुंचे उसी कंपनी के कुछ सुरक्षाकर्मियों के साथ उनकी कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। अधीक्षक कार्यालय के सामने शुरू हुआ बवाल अस्पताल परिसर से निकलकर सड़क तक पहुंच गया। मारपीट में कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। जबकि अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों और उनके परिजनों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के वीडियो में सुरक्षाकर्मी एक-दूसरे पर हमला करते नजर आ रहे हैं। जिस अस्पताल की सुरक्षा की जिम्मेदारी इन गार्डों पर है, वहीं इनका यह हिंसक रूप कई सवाल खड़े कर रहा है। पूरे मामले पर अस्पताल अधीक्षक प्रोफेसर एच.पी. दुबे से प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई लेकिन वे मीडिया के सवालों से बचते नजर आए। फिलहाल घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल है और मामले को लेकर जांच की मांग उठ रही है।

### जंजीरों में खुद को जकड़कर बाबा धाम निकले पूर्व सैनिक

**भागलपुर, 01 जून (तरुणमित्र)।** श्रावणी मेला शुरू होने से पहले डाक कांवर यात्रा में आस्था का एक अनोखा नजारा देखने को मिला। असरगंज-कच्ची कांवरिया पथ पर एक पूर्व सैनिक अपने पूरे शरीर को जंजीरों से जकड़कर बाबा बैद्यनाथ धाम की यात्रा करते नजर आए। शेखपुरा जिले के एकड़ा गांव निवासी राम उदय सिंह सुल्तानगंज की उत्तरवाहिनी गंगा से जल भरकर बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए रवाना हुए हैं। राम उदय सिंह ने बताया कि वे भारतीय सेना में 18 वर्षों तक सेवा दे चुके हैं। सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद से वे लगातार बाबा धाम की यात्रा कर रहे हैं। इस बार उन्होंने जनकल्याण, सुख-समृद्धि और विश्व शांति की कामना को लेकर खुद को जंजीरों से बांधकर डाक कांवर यात्रा करने का संकल्प लिया है इससे पहले वे सुराही कांवर के साथ यात्रा करते थे। लेकिन इस बार उनकी यह अनोखी साधना श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। रास्ते में जहां-जहां से वे गुजर रहे हैं, वहां श्रद्धालुओं की भीड़ उन्हें देखने के लिए उमड़ रही है। लोग उनकी भक्ति और समर्पण की सराहना कर रहे हैं। जंजीरों में बंधे पूर्व सैनिक की यह अनोखी कांवर यात्रा इन दिनों कांवरिया पथ पर चर्चा का विषय बनी हुई है।

### पति पर प्रताड़ना का आरोप, महिला ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**किशनगंज, 01 जून (तरुणमित्र)।** सदर थाना क्षेत्र के धर्मगंज में एक विवाहिता ने अपने पति पर प्रताड़ना और घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार धर्मगंज निवासी नेहा कुमारी ने सोमवार को अपने पति सनी पासवान के विरुद्ध सदर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। दर्ज प्राथमिकी में महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी वर्ष 2023 में धर्मगंज निवासी सनी पासवान के साथ हुई थी।

# बस स्टैंड के पास चलती बस में शॉर्ट सर्किट, धुआं निकलने से मची अफरा-तफरी

**किशनगंज, 01 जून (तरुणमित्र)।** शहर में रविवार रात एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब सिलीगुड़ी से बिहार आ रही एक यात्री बस में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। किशनगंज बस स्टैंड के समीप पहुंचते ही बस के इंजन से धुआं निकलने लगा, जिससे बस में सवार यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। हालांकि चालक और बस कर्मियों की तत्परता से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और किसी प्रकार की बड़ी जनहानि नहीं हुई।




जानकारी के अनुसार बस संख्या बीआर09पीए2316 सिलीगुड़ी से बिहार के विभिन्न जिलों के लिए रवाना हुई थी। बस में 35 से अधिक यात्री सवार थे। रविवार रात जब बस किशनगंज बस स्टैंड के पास पहुंची, तभी इंजन के हिस्से से अचानक धुआं निकलने लगा। धुआं देखते ही यात्रियों में दहशत फैल गई और कई यात्री घबराकर जल्दबाजी में बस से उतरने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चालक ने तत्काल बस को सड़क किनारे रोक दिया। बस कर्मियों ने यात्रियों को शांत रहने की अपील करते हुए एक-एक कर सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद बस में मौजूद अग्निशमन यंत्र और अन्य उपलब्ध साधनों की मदद से धुएं को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया।

एहतियातन बस को पूरी तरह बंद कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के दौरान कुछ समय के लिए वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। इसी दौरान जल्दबाजी में उतरते समय एक महिला यात्री को मामूली चोट लग गई। उन्हें उपचार के लिए किशनगंज सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति सामान्य बताई। बस में सवार यात्री चिरंजीव और मिथिलेश ने बताया कि वे सिलीगुड़ी से बेगूसराय जा रहे थे।

अचानक बस से धुआं निकलने के कारण यात्रियों में भय का माहौल बन गया था, लेकिन चालक और बस कर्मियों की सतर्कता के कारण सभी यात्री सुरक्षित बच गए। घटना के कारण यात्रियों को करीब एक घंटे तक सड़क किनारे इंतजार करना पड़ा। बाद में बस की तकनीकी जांच कराई गई तथा यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की प्रक्रिया शुरू की गई। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई बड़ी दुर्घटना या गंभीर नुकसान नहीं हुआ।

## आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा को लेकर संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन

**भागलपुर, 01 जून (तरुणमित्र)।** यात्रियों की सुरक्षा एवं किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने को लेकर सोमवार को भागलपुर रेलवे स्टेशन परिसर में आरपीएफ, जीआरपी तथा रेलवे के विभिन्न विभागों द्वारा एक संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल आरपीएफ इंस्पेक्टर ए.के. गिरी के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई।

मॉक ड्रिल के दौरान ट्रेन दुर्घटना, स्टेशन परिसर में आग लगने, भगदड़, संदिग्ध वस्तु मिलने तथा अन्य आपदा संबंधी परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर आपसी तालमेल, राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा यात्रियों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का प्रदर्शन किया।

## सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का झंडा और दरवाजे पर नेम प्लेट जरूर लगाए : जिलाध्यक्ष

**गयाजी, 31 मई (तरुणमित्र)।** शहर के बिसार तलाब स्थित जदयू जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा के अध्यक्षता में प्रखंड अध्यक्षों एवं नगर परिषद अध्यक्षों के साथ संगठन विस्तार हेतु सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा की सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं नगर परिषद अध्यक्ष अपने अपने प्रखंड मुख्यालय में पार्टी के सुचारू रूप से संचालन के लिए कार्यालय जल्द से जल्द खोल लें। सभी को निर्देश दिया गया की प्रखंड से पंचायत स्तर तक सभी कार्यकर्ता अपने घर पर झंडा और दरवाजे पर नेम प्लेट जरूर लगा लें।प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिया गया की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा किए गए कार्यों एवं पार्टी के विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें।जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने कहा कि प्रखंड अध्यक्षों को प्रखंड स्तरीय कमेटी गठित करने और पंचायत स्तर तक कमिटी गठन का निर्देश दिया गया। साथ ही नव मनोनित प्रखंड अध्यक्ष एवं नगर परिषद अध्यक्ष को जिलाध्यक्ष द्वारा मनोनयन पत्र दिया गया।

## पूर्व पार्षद पर पिटाई का आरोप, मारपीट का सीसीटीवी फुटेज वायरल, दोनों पक्षों ने थाने में की शिकायत

**गयाजी, 31 मई (तरुणमित्र)।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नादरगंज इलाके में मारपीट का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।इस मामले में नगर निगम वार्ड संख्या-38 के पूर्व वार्ड पार्षद मोहम्मद हलीम पर पिटाई का आरोप लगा है।पुलिस ने बताया कि यह विवाद 8 लाख रुपये के लेनदेन को लेकर शुरू हुआ था।घटना के बाद दोनों पक्षों ने सिविल लाइन थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।आलिगंज निवासी पीड़ित पक्ष ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि वे बकाया रुपये की मांग को लेकर नादरगंज पहुंचे थे, जहां उनके साथ मारपीट की गई और अभद्र व्यवहार किया गया।वहीं, आरोपों के घेरे में आए पूर्व वार्ड पार्षद मोहम्मद हलीम ने भी अपना पक्ष रखते हुए सिविल लाइन थाना में एक लिखित आवेदन दिया है।उन्होंने पुलिस को घटना से संबंधित अपनी जानकारी और पक्ष से अवगत कराया है।

# किशनगंज स्टेशन से विवेक एक्सप्रेस की महिला यात्री रहस्यमय ढंग से लापता, अपहरण की आशंका

**किशनगंज, 01 जून (तरुणमित्र)।** किशनगंज रेलवे स्टेशन से विवेक एक्सप्रेस की एक 25 वर्षीय महिला यात्री के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आया है। असम से तमिलनाडु जा रही महिला के पति ने अपहरण की आशंका जताते हुए सदर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुट गई है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार असम के धुबरी जिला अंतर्गत आईरनजोंगला निवासी रुबूल शेख ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उसकी पत्नी रसीदा खातून अपनी बहन नजीरा खातून के साथ 22 मई को न्यू कूचबिहार से तमिलनाडु के तिरुपुर जाने के लिए विवेक एक्सप्रेस के बी-2 कोच में सवार हुई थी। यात्रा के दौरान जब ट्रेन किशनगंज रेलवे स्टेशन पर रुकी तो रसीदा खातून अपनी बहन को सोता छोड़कर ट्रेन से नीचे उतर गई।

बताया गया है कि रसीदा के पास नकदी के अलावा कुछ आभूषण भी थे। बाद में सहयात्रियों ने नजीरा खातून को जानकारी दी कि उसकी बहन प्लेटफॉर्म पर उतरने के बाद स्टेशन से बाहर चली गई थी। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों द्वारा संपर्क करने का प्रयास किए जाने पर उसका मोबाइल फोन भी लगातार स्विच ऑफ आ रहा है।

रुबूल शेख ने बताया कि वह तमिलनाडु के तिरुपुर में टेलर का काम करता है और उसकी पत्नी भी वहीं उसके साथ रहती थी। उसने आरोप लगाया कि करीब पांच माह पूर्व उसे जानकारी मिली थी कि उसकी पत्नी फेसबुक पर श्रवण कुमार नामक युवक से बातचीत करती थी। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद भी हुआ था।

रुबूल का दावा है कि पत्नी को समझाने के बाद श्रवण कुमार ने उसे रसीदा के अपहरण की धमकी दी थी। पीड़ित पति का आरोप है कि जब उसने श्रवण कुमार और उसके मित्र शिवम कुशवाहा से संपर्क किया तो दोनों ने रसीदा के अपने पास होने की बात स्वीकार की। इसके बाद उसने अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। सदर थाना अध्यक्ष निसार अहमद ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है तथा महिला की बरामदगी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क दुघर्टना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**भागलपुर, 01 जून (तरुणमित्र)।** बांका जिले के सबलपुर में हुए भीषण सड़क हादसे में घायल होकर मायागंज अस्पताल पहुंचे एक युवक की मौत सोमवार को इलाज के दौरान हो गई। इस दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर अब दो हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति अभी भी जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। बताया जा रहा है कि बांका के सबलपुर में तेज रफ्तार से आ रही दूध सप्लाई करने वाली गाड़ी ने तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया गंभीर रूप से घायल एक युवक को बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी।

मृतक की पहचान पप्पू दास 35 वर्ष पिता गोवर्धन दास, के रूप में हुई है। वहीं, दूसरे मृतक के शव को बांका पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया है। हादसे में घायल तीसरे व्यक्ति की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह वाहन की तेज रफ्तार मानी जा रही है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं एक ओर मायागंज अस्पताल में परिजनों की आंखों के सामने एक युवक ने अंतिम सांस ली, वहीं दूसरी ओर एक और जिंदगी अस्पताल के बिस्तर पर मौत से जंग लड़ रहा है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

मंगलवार, 2 जून 2026

विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, द्वितीया

# रामराज में आत्मदाह!

लखनऊ में लालबत्ती चौराहे पर सोमवार को रोडवेज के 4 संविदाकर्मियों ने आत्मदाह की कोशिश की। चारों बॉटल में पेट्रोल लेकर पहुंचे और खुद पर उड़ेलने लगे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़कर भले ही बचा लिया हो लेकिन यह कहाना गलत नही होगी कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के समीप बार-बार हो रहे आत्मदाह के प्रयास प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था और न्याय प्रणाली की गंभीर विफलता को उजागर करते हैं। हाल के वर्षों में कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें महिलाएं, युवक और यहां तक कि पूरे परिवार शामिल रहे हैं। सितंबर 2025 में हरदोई की रोली देवी ने सीएम आवास के निकट पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। अक्टूबर 2025 में बाराबंकी के शिवम कुमार वर्मा ने इसी जगह खुद को आग के हवाले करने की कोशिश की। इससे पहले भी उन्नाव, आगरा, नोएडा और अन्य जिलों से पीड़ित लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री के द्वार पर अपनी पीड़ा व्यक्त करने को मजबूर हुए हैं। ये घटनाएं कोई संयोग नहीं, बल्कि व्यवस्थागत असफलता की परिणति हैं। लोग मुख्यमंत्री आवास पर इसलिए पहुंचते हैं क्योंकि स्थानीय थाना-कचहरी में उनकी शिकायतें दब जाती हैं। अधिकांश मामलों में आरोप हैं कि पुलिस की निष्क्रियता, प्रभावशाली लोगों (कभी-कभी स्थानीय नेताओं) द्वारा उत्पीड़न, भूमि विवादों में कब्जा, बलात्कार की पीड़िताओं को न्याय न मिलना और परिवारिक झगड़ों में प्रशासनिक मदद की अनुपस्थिति लोागें को ऐया करने का मजबूर करती हैं। जब जिला स्तर पर सुनवाई नहीं होती, तब पीड़ित अंतिम सहारा समझकर लखनऊ आते हैं। जनता दरबार का प्रतीक अब निराशा का प्रतीक बनता जा रहा है। कई बार सुरक्षा बल समय रहते हस्तक्षेप कर लेते हैं, परंतु यह घटनाएं समाज में गहरी पीड़ा और अविश्वास का संकेत देती हैं। यह स्थिति बहुत ही चिंताजनक है कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में विकास, कानून-व्यवस्था और सुशासन की बातें लगातार की जाती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अलग है। ग्रामीण और छोटे शहरों में दबंगों का राज, पुलिस में भ्रष्टाचार की शिकायतें और अदालती प्रक्रिया की धीमी गति आमजन को निराश करती है। आत्मदाह का प्रयास कोई साधारण घटना नहीं बल्कि यह जीवन से हार मान लेने की कगार है। जब कोई व्यक्ति या परिवार इतना मजबूर हो जाता है कि सार्वजनिक स्थान पर खुद को आग लगाने का फैसला करता है, तो समझना चाहिए कि लोकतंत्र की जड़ें कमजोर हो रही हैं। सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। एक ओर जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रशासन सख्ती और विकास के लिए जाना जाता है, वहीं इन घटनाओं से छवि प्रभावित होती है। समाधान के लिए जरूरी है कि जिला स्तर पर शिकायत निपटान की प्रभावी व्यवस्था हो। थानों में शिकायत दर्ज करने से लेकर कार्रवाई तक की समय-सीमा तय की जाए। प्रभावशाली व्यक्तियों के खिलाफ मामलों में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। जनता दरबार को और अधिक सशक्त बनाया जाए, जहां शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो। साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और काउंसलिंग की व्यवस्था भी जरूरी है, ताकि लोग हताशा में यह कदम न उठाएं। आत्मदाह की ये चिंगारियां हमें याद दिलाती हैं कि सुशासन सिर्फ बड़े प्रोजेक्ट्स और आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह आम आदमी की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान है। यदि पुलिस और प्रशासन पीड़ितों का साथ नहीं देंगे, तो न्याय की उम्मीद खत्म हो जाएगी। प्रदेश सरकार को इन घटनाओं को संकेत मानकर सुधार की दिशा में कदम उठाने चाहिए। अन्यथा, निराशा की यह आग और फैलेगी। समाज के रूप में हमें भी सोचना होगा। क्या हमने अपने आसपास के पीड़ितों की मदद की? क्या हमने दबंगों के खिलाफ आवाज उठाई? आत्मदाह रोकने के लिए जागरूकता, सहानुभूति और मजबूत संस्थाओं की जरूरत है। उत्तर प्रदेश को सच्चे अर्थों में राम राज्य बनाने के लिए कानून का राज स्थापित करना होगा, जहां कोई मजबूर न हो, कोई निराश न हो।

## ट्रंप की यही नीति है !



कृष्णेन्द्र राय

सुकून की जरूरत है जैसे ।
प्रगति के लिए ।।
ट्रंप से छुटकारा चाहिए ।
शांति के लिए ।।
वक्त के हाथों में । सबकी तकदीरें हैं ।।
बयान ना सच्चा है । झूठी तस्वीरें हैं ।।
जहां ट्रंप है, वहा दर्द है ।
विश्व के लिए बना ये । सरदर्द है ।।
कोई ना जाने मगर । ट्रंप की यही नीति है...
मंजिलें ना हासिल हैं ।
थोड़ी अभी दूरी है ।।
बिन मिले तेल के । कहानी अधूरी है ।।
मिलेगा जरूर । पथ पर अग्रसर ।।
तनहा कटेगा ना । तेल बिन सफर ।।
मेरा सपना तेल है । तेल पर ही नजर....

## सूडोकु नवताल- 7813

★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 5 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भर जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7812 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 5 | 2 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |

# क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता कोरा बुलबुला है या वास्तविक चुनौती ?



ललित गर्ग

**मानव सभ्यता के इतिहास में कुछ ऐसी क्रांतियां हुई हैं जिन्होंने जीवन की दिशा और दशा दोनों को बदल दिया। कृषि क्रांति ने मनुष्य को स्थायित्व दिया, औद्योगिक क्रांति ने उत्पादन और श्रम की परिभाषा बदली, सूचना क्रांति ने ज्ञान और संचार की सीमाएं समाप्त कर दीं।**

अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई की क्रांति मानव इतिहास के एक नए मोड़ पर खड़ी है। यह केवल एक तकनीकी परिवर्तन नहीं है, बल्कि मनुष्य की बुद्धि, निर्णय क्षमता, रोजगार, सामाजिक संरचना, शासन व्यवस्था और यहां तक कि उसके अस्तित्व और अस्मिता से जुड़ा प्रश्न बन चुकी है।

यही कारण है कि आज विश्वभर में यह बहस तेज हो रही है कि क्या एआई मानव जीवन के लिए वरदान सिद्ध होगी या वह धीरे-धीरे मनुष्य के महत्व को ही चुनौती देने लगेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल मशीनों को चलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह उन कार्यों को भी करने लगी है जिन्हें लंबे समय तक केवल मनुष्य की विशिष्ट क्षमता माना जाता था। लेखन, चित्र निर्माण, संगीत रचना, रोगों का निदान, न्यायिक विश्लेषण, वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रशासनिक निर्णय जैसे क्षेत्रों में इसकी बढ़ती उपस्थिति ने अनेक नए प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

यदि मशीनें सोचने, सीखने और निर्णय लेने लगेंगी तो मनुष्य की विशिष्टता क्या रह जाएगी? यह प्रश्न केवल तकनीकी नहीं, बल्कि दार्शनिक और नैतिक भी है। मानव अस्मिता का आधार उसकी चेतना, संवेदना, रचनात्मकता और नैतिक विवेक है। एआई के पास विशाल सूचनाओं का भंडार और तीव्र गणनात्मक क्षमता अवश्य है, लेकिन उसके पास अनुभवजन्य चेतना, करुणा, आत्मबोध और मूल्यबोध नहीं है। फिर भी जब मशीनें कविता लिखती हैं, चित्र बनाती हैं और संवाद करती हैं, तब यह भ्रम उत्पन्न होने लगता है कि वे मनुष्य का स्थान ले सकती हैं। वास्तव में चुनौती यह नहीं है कि मशीनें मनुष्य बन जाएंगी, बल्कि यह है कि कहीं मनुष्य स्वयं मशीनों की तरह व्यवहार करने न लगे। यदि जीवन का प्रत्येक निर्णय गणनात्मक दक्षता और आंकड़ों के आधार पर होने लगे, तो मानवीय संवेदनाएं और नैतिक मूल्य हाशिये पर जा सकते हैं। इसी संदर्भ में एक और महत्वपूर्ण प्रश्न उभरता है कि क्या भविष्य में एक नई मानव संरचना का निर्माण होगा? विश्व के अनेक वैज्ञानिक और तकनीकी चिंतक यह मानते हैं कि आने वाले दशकों में जैविक मनुष्य और डिजिटल तकनीक के बीच की दूरी लगातार कम होगी। मस्तिष्क और कंप्यूटर के प्रत्यक्ष संपर्क, कृत्रिम अंगों, स्मृति-विस्तार तकनीकों और जैव-तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से एक ऐसे युग की कल्पना की जा रही है जहां मनुष्य और मशीन का सम्मिलित स्वरूप विकसित हो सकता है।

यह संभावना जितनी आकर्षक दिखाई देती है, उतनी ही चिंताजनक भी है। यदि तकनीकी रूप से उन्नत मनुष्य और सामान्य मनुष्य के बीच गहरी खाई बन गई तो सामाजिक असमानता का एक नया रूप सामने आ सकता है। एआई के बढ़ते प्रभाव के साथ रोजगार और अर्थव्यवस्था में भी व्यापक परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं। अनेक क्षेत्रों में नियमित और दोहराव वाले कार्य मशीनों द्वारा किए जाने लगे हैं। इससे यह आशंका उत्पन्न हुई कि बड़ी संख्या में रोजगार समाप्त हो जाएंगे। विश्व की कई बड़ी तकनीकी कंपनियों ने लागत कम करने और उत्पादकता बढ़ाने के नाम पर कर्मचारियों की संख्या घटाई है। किंतु हाल के अनुभव यह भी बताते हैं कि एआई मानव श्रम का पूर्ण विकल्प नहीं बन सकी है।

जटिल निर्णय, नवाचार, मानवीय संबंधों का प्रबंधन और परिस्थितिजन्य विवेक जैसे क्षेत्रों में मनुष्य की भूमिका अभी भी केंद्रीय बनी हुई है। यहीं पर वैश्विक शोध संस्था गार्टनर की हालिया रिपोर्ट विशेष महत्व रखती है। गार्टनर ने अपनी नवीनतम विश्लेषणात्मक रिपोर्ट में संकेत दिया है कि एआई अब अत्यधिक अपेक्षाओं के शिखर से आगे बढ़कर मोहभंग के चरण में प्रवेश कर रही है। अनेक कंपनियों ने इससे तत्काल आर्थिक लाभ और उत्पादकता में चमत्कारी वृद्धि की उम्मीद की थी, लेकिन वास्तविक परिणाम अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं मिले। परियोजनाओं की ऊंची लागत, आंकड़ों की सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं, गलत या भ्रामक उत्तर देने की प्रवृत्ति और स्पष्ट उपयोगिता सिद्ध न कर पाने जैसी समस्याएं सामने आई हैं। रिपोर्ट में यह आशंका भी व्यक्त की गई है कि लगभग एक-तिहाई परियोजनाएं प्रारंभिक चरण के बाद बंद हो सकती हैं क्योंकि वे अपने निवेश के अनुरूप परिणाम देने में असफल रही हैं। यह निष्कर्ष इस धारणा को चुनौती देता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता तत्काल सभी समस्याओं का समाधान बन जाएगी।

हालांकि इसका अर्थ यह नहीं है कि एआई एक अस्थायी बुलबुला है जो शीघ्र ही समाप्त हो जाएगा। इतिहास बताता है कि हर बड़ी तकनीकी क्रांति के प्रारंभिक चरण में उत्साह और अतिशयोक्ति दोनों मौजूद रहते हैं। बाद में वास्तविक उपयोगिता के आधार पर उसका संतुलित विकास होता है। इंटरनेट के साथ भी यही हुआ था। प्रारंभिक उत्साह के बाद अनेक कंपनियां समाप्त हो गईं, लेकिन इंटरनेट स्वयं विश्व व्यवस्था का आधार बन गया। एआई के साथ भी कुछ ऐसा ही होने की संभावना है। अतः इसका अतिशयोक्तिपूर्ण महिमामंडन भी उचित नहीं है और इसके शीघ्र समाप्त हो जाने की कल्पना भी यथार्थवादी नहीं है। व्यापार जगत में एआई की भूमिका निरंतर बढ़ेगी। उत्पादन, विपणन, ग्राहक सेवा, वित्तीय विश्लेषण और आपूर्ति प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में इसका व्यापक उपयोग होगा। इससे कार्यों की गति और दक्षता बढ़ेगी, किंतु साथ ही कार्यबल के स्वरूप में परिवर्तन आएगा। भविष्य में केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि समस्या समाधान, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और भावनात्मक समझ जैसे गुण अधिक महत्वपूर्ण बनेंगे। इसलिए शिक्षा और कौशल विकास की पूरी व्यवस्था को नए सिरे से तैयार करना होगा। प्रशासनिक क्षेत्र में भी एआई शासन को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने की क्षमता रखती है। नीतिगत विश्लेषण, संसाधनों का वितरण, स्वास्थ्य और शिक्षा योजनाओं का संचालन तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में इसका उपयोग लाभकारी हो सकता है। लेकिन इसके साथ एक बड़ा खतरा भी जुड़ा है। यदि नागरिकों के व्यक्तिगत आंकड़ों का अत्यधिक संग्रह और विश्लेषण होने लगे तो निजता और स्वतंत्रता पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। इसलिए तकनीकी दक्षता और नागरिक अधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक होगा। सैन्य क्षेत्र में एआई का प्रयोग सबसे अधिक चिंताजनक माना जा रहा है। स्वायत्त हथियार प्रणालियां, मानव रहित युद्धक उपकरण और लक्ष्य चयन करने वाली मशीनें युद्ध की प्रकृति को पूरी तरह बदल सकती हैं। यदि किसी मशीन को जीवन और मृत्यु का निर्णय करने की शक्ति मिल जाए तो नैतिक और मानवीय प्रश्न अत्यंत गंभीर हो जाएंगे।

इसलिए विश्व स्तर पर ऐसी तकनीकों के नियमन और नियंत्रण की आवश्यकता लगातार महसूस की जा रही है। इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि मानव जीवन सुरक्षित, संतुलित और सार्थक कैसे बना रहे? इसका उत्तर तकनीक के विरोध में नहीं, बल्कि उसके विवेकपूर्ण उपयोग में निहित है। एआई को मानव जीवन का स्वामी नहीं, सहायक बनाना होगा।

शिक्षा प्रणाली में नैतिकता, संवेदनशीलता, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों को अधिक महत्व देना होगा। मनुष्य की भावनात्मक बुद्धिमत्ता, करुणा, सहानुभूति और आध्यात्मिक चेतना ही वे क्षेत्र हैं जिन्हें कोई मशीन प्रतिस्थापित नहीं कर सकती। साथ ही, वैश्विक स्तर पर ऐसे नियमों और नीतियों की आवश्यकता है जो एआई के विकास को मानव कल्याण की दिशा में नियंत्रित करें।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# अमानक दवाओं का गड़बड़झाला



बाल मुकुन्द ओझा

अंग्रेजी दवाओं का गड़बड़झाला लोगों की समझ से बाहर है। बहुदा ऐसा देखा गया है जब अमानक घोषित होने वाली दवा लोग सेवन कर चुके होते है तब पता चलता है जाँच एजेंसियों की जाँच में यह दवा घटिया या नकली पाई गई है। इसका मतलब है कहीं तो गड़बड़झाला है। केंद्रीय औषधि नियामक की रोजमर्रा में काम आने वाली दवाओं के जाँच में फेल होने पर लोग सकते में है।

आश्चर्य तो इस बात का है कि अमानक पाए जाने वाली इन दवाओं की रिपोर्टें तब आती है जब लोग इन दवाओं का सेवन कर चुके होते। केंद्रीय औषधि नियामक ने अपनी कई रिपोर्टों में जाहिर साफतौर पर जाहिर किया है बुखार, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, पेट में संक्रमण आदि स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिन दवाओं का आप इस्तेमाल करते हैं, असल में उनकी क्वालिटी खराब है। इतना ही नहीं, बहुत सी दवाएं तो नकली हैं, जिन्हें बड़ी कंपनियों के ब्रांड के नाम से बेचा जा रहा है। इन दवाओं के उपयोग को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा हो गई हैं।

आप दवाई खरीदने के लिए बाजार में जा रहे हैं तो पूरी सावधानी और सतर्कता बरतते हुए दवाइयों की जाँच करके लें और अपनी दवाइयों को डॉक्टर को एक बार जरूर दिखा दें, क्योंकि इन दिनों बाजार में घटिया दवाइयां को असली बता कर खुलेआम बेचा जा रहा है।

देश में हर बीमारी के लिए नकली दवाएं उपलब्ध हैं। इन नकली दवाओं की पहचान करना आप और हमारे लिए बेहद मुश्किल और लगभग असंभव है। विशेषज्ञों के मुताबिक नकली दवाएं खाने का सबसे बड़ा खतरा यह है कि मरीज की बीमारी ठीक नहीं होती और कंडीशन बिगड़ सकती है. अगर किसी को इंफेक्शन है और वह नकली एंटीबायोटिक ले लेता है, तो संक्रमण बढ़ सकता है और शरीर में दवा के प्रति एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस भी डेवलप हो सकता है। इससे भविष्य में सही दवाएं भी असर नहीं करती हैं। गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, हार्ट डिजीज और डायबिटीज में नकली दवा लेना जानलेवा साबित हो सकता है। दवाओं का खराब क्वॉलिटी का या नकली होना चिंता का विषय है। दिक्कत यह है कि आम आदमी नहीं दवाओं की पहचान भी नहीं कर पाता।

सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद देश में घटिया और नकली दवाओं पर पूरी तरह लगाम नहीं लगाई जा सकी है, जिसके कारण देश के लाखों लोगों की सेहत सुधरने के बजाय बिगड़ रही है।


भारत में नकली, घटिया और अवैध दवाओं का धंधा तेजी से फैल रहा है, जिसकी वजह से रोगियों की जान जोखिम में है। विशेषज्ञों के मुताबिक जो दवाएं धोखाधड़ी से निर्मित या पैक की गई हैं, उन्हें नकली और घटिया दवाएं कहा जाता है क्योंकि उनमें या तो सक्रिय अवयवों की कमी होती है या गलत खुराक होती है। नकली दवाओं के काले-कारोबार पर पुलिस और सरकारी एजेंसियों की छापेमारी की खबरें आये दिन मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। अनेक बार लाखों करोड़ों रुपयों की घटिया दवाएं खपत होने के बाद सरकारी एजेंसियों की नजर में आती है। बहुदा ऐसा भी देखा जाता है जब तक इन दवाओं की घटिया होने की रिपोर्ट आती है तब तक ये बाजार में बिक चुकी होती है। हमारे देश में अंग्रेजी दवाइयों ने घर घर में अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। जिसे देखो अंग्रेजी दवाइयों के पीछे भागता मिलेगा। सामान्य बीमारियों से लेकर असाध्य बीमारियों की दवा आज घरों में मिल जाएगी। इनमें चिकित्सकों द्वारा लिखी दवाइयों के अलावा वे दवाइयां भी शामिल है जो मेडिकल स्टोर्स से बीमारी बताकर खरीदी गई है अथवा गूगल से खोजकर निकाली गई है। ये दवाइयां असली है या घटिया अथवा नकली ये भी आम लोगों को मालूम नहीं है।

घटिया दवाइयों का बाजार आजकल खूब फलफूल रहा है। आये दिन घटिया और नकली दवाइयां बरामद करने की खबरें मीडिया में सुर्खियों में पढ़ने को मिल रही है। इन दवाइयों के सेवन से साधारण खांसी बुखार और जुखाम को ठीक होने में एक पखवाड़ा या महीना लग जाता है। इसके बावजूद ऐसी दवाइयां खरीदने में हमें कोई हिचकिचाहट नहीं हो रही है।

भारत दवाओं का सबसे ज्यादा प्रोडक्शन करने वाला देश है। मगर देशवासियों को अच्छी गुणवत्ता की दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन के मुताबिक, भारत में फार्मा इंडस्ट्री बीते कुछ सालों में तेजी से बढ़ रही है। इसमें साल 2020 से 2025 के बीच 37 प्रतिशत कंपाउंड एनुअल ग्रोथ का अनुमान जताया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक मात्रा में दवाइयां बनाने में भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा देश है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# शराब पर खामोशी आखिर कब टूटेगी ?



पियूष कुमार कश्यप

'मदिरालय जाने को घर से चलता है पीनेवाला, 'किस पथ से जाऊँ?' असमंजस में है वह भोलाभाला...'

हरिवंश राय बच्चन की मधुशाला की ये पंक्तियाँ भारतीय समाज के उस मनोविज्ञान को उजागर करती हैं, जहाँ शराब केवल एक पेय नहीं, बल्कि धीरे-धीरे सामाजिक स्वीकार्यता का हिस्सा बनती चली गई। लेकिन सवाल यह है कि क्या आज भी शराब केवल 'मधुशाला' की काव्यात्मक कल्पना भर है? या फिर यह लाखों परिवारों के टूटने, महिलाओं की चीखों, बच्चों के भविष्य के बिखरने और अस्पतालों के बढ़ते बोझ की भयावह सच्चाई बन चुकी है? भारत एक ऐसा देश है जहाँ प्रधानमंत्री की एक अपील करोड़ों लोगों के व्यवहार को बदलने की ताकत रखती है। जब देश के प्रधानमंत्री ने पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की बात कही, तब लोगों ने इसे केवल एक सरकारी बयान नहीं माना, बल्कि राष्ट्रहित से जुड़ा संदेश समझा।

लोगों ने अनावश्यक यात्रा कम करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और ईंधन बचाने की चर्चा शुरू कर दी। क्योंकि लोगों को लगा कि पेट्रोल बचाना देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी है। लेकिन इसी देश में एक प्रश्न लगातार खड़ा रहता है और व्यवस्था से जवाब मांगता है कि यदि सरकार पेट्रोल कम खर्च करने की अपील कर सकती है, तो शराब न पीने या शराब छोड़ने की राष्ट्रीय अपील क्यों नहीं कर सकती? आखिर शराब भी तो केवल व्यक्ति का निजी मामला नहीं है। शराब भी समाज, परिवार, स्वास्थ्य व्यवस्था और अर्थव्यवस्था पर उतना ही गहरा असर डालती है, जितना कोई आर्थिक संकट डाल सकता है।

सच तो यह है कि शराब केवल एक बोतल में बंद नशा नहीं है, बल्कि यह धीरे-धीरे लाखों परिवारों के जीवन को निगल जाने वाली सामाजिक त्रासदी बन चुकी है। पेट्रोल महंगा होता है तो जेब पर असर पड़ता है, लेकिन शराब घर में प्रवेश करती है तो पूरा परिवार टूटने लगता है। शराब केवल शरीर को नहीं जलाती, यह रिश्तों को भी राख कर देती है। देश के गाँवों से लेकर महानगरों तक हजारों महिलाएँ ऐसी हैं जो हर रात शराबी पति की गालियाँ सुनती हैं, मारपीट सहती हैं, अपमान झेलती हैं और फिर भी सुबह अपने बच्चों के लिए जीने को मजबूर होती हैं।

कितनी महिलाएँ ऐसी हैं जिनके पति शराब की लत में अपनी पूरी कमाई ठेके पर छोड़ आते हैं और घर में बच्चों के लिए दूध तक नहीं बचता। कितनी लड़कियाँ ऐसी हैं जिनकी पढ़ाई इसलिए छूट जाती है क्योंकि पिता की कमाई शराब में खत्म हो जाती है। कितने बच्चे ऐसे हैं जो अपने पिता को पिता नहीं, बल्कि डर के रूप में देखते हैं। लेकिन इन आँसुओं का कोई सरकारी डेटा नहीं होता। सरकारें शराब से मिलने वाले राजस्व का हिसाब तो हर साल बड़े गर्व से पेश करती हैं, लेकिन शराब से बर्बाद हुए परिवारों का हिसाब कोई नहीं रखता। राज्य सरकारों की आय का बड़ा हिस्सा शराब बिक्री से आता है, इसलिए शराब को अक्सर आर्थिक मजबूरी की तरह प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन क्या कोई सरकार यह बता सकती है कि शराब से जो राजस्व आता है, उससे कहीं ज्यादा पैसा अस्पतालों, अपराध नियंत्रण, सड़क दुर्घटनाओं और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर खर्च नहीं होता? क्या सरकार यह बता सकती है कि शराब की वजह से टूटे परिवारों की आर्थिक कीमत कितनी है? क्या कोई विभाग यह बता सकता है कि शराब के कारण कितनी महिलाओं ने आत्महत्या की, कितने बच्चे मानसिक तनाव के शिकार हुए और कितने लोग समय से पहले मौत के मुँह में चले गए? शायद नहीं। क्योंकि व्यवस्था ने कभी इन सवालों को गंभीरता से पूछने की कोशिश ही नहीं की।

उत्तर प्रदेश में सूचना के अधिकार के तहत जो तथ्य सामने आए, वे केवल चौंकाने वाले नहीं बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर करने वाले हैं। मद्य निषेध विभाग, जिसका उद्देश्य शराब के दुष्प्रभावों को रोकना और जनजागरूकता फैलाना है, उसके पास यह आंकड़ा ही नहीं है कि शराब के कारण प्रदेश में कितनी मौतें हुईं या कितने लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हुए। सोचिए, एक विभाग करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है, रैलियाँ निकाल रहा है, होर्डिंग्स लगवा रहा है, दीवारों पर नारे लिखवा रहा है, लेकिन उसे यह तक नहीं पता कि समस्या कितनी बड़ी है।

यह ठीक वैसा ही है जैसे कोई डॉक्टर बिना जांच किए इलाज करता रहे और फिर यह भी न जाने कि मरीज जिंदा है या नहीं। जब विभाग के पास शराब से होने वाली मौतों और बीमारियों का कोई वैज्ञानिक डेटा ही नहीं है, तब करोड़ों रुपये के जागरूकता अभियानों का आधार क्या है? आखिर जनता का पैसा किस परिणाम के लिए खर्च किया जा रहा है? सबसे अधिक पीड़ा की बात यह है कि इस पूरे विमर्श में महिलाओं का दर्द हमेशा हाशिये पर छोड़ दिया जाता है। शायद ही कभी किसी विधानसभा या संसद में उन महिलाओं की जिंदगी पर गंभीर चर्चा होती हो जिनकी पूरी जवानी शराबी पति की हिंसा झेलते हुए गुजर जाती है।

कितनी महिलाएँ ऐसी हैं जो पति की शराब की आदत के कारण हर दिन मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का सामना करती हैं। कई महिलाएँ कम उम्र में विधवा हो जाती हैं क्योंकि शराब धीरे-धीरे शरीर को अंदर से खत्म कर देती है। यदि सरकार ईमानदारी से अध्ययन कराए तो संभव है कि विधवा पेंशन पाने वाली बड़ी संख्या में महिलाओं के पति की मृत्यु कहीं न कहीं शराब से जुड़ी बीमारी, दुर्घटना या हिंसा के कारण हुई हो। लेकिन क्या कभी किसी मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री ने उन महिलाओं के बीच बैठकर उनका दर्द समझने की कोशिश की? क्या कभी किसी राष्ट्रीय मंच से यह कहा गया कि शराब केवल राजस्व नहीं, बल्कि लाखों महिलाओं के जीवन का अभिशाप बन चुकी है?

अस्पतालों की वास्तविकता भी किसी से छिपी नहीं है। सरकारी अस्पतालों में लीवर खराब होने, ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज, मानसिक रोग और सड़क दुर्घटनाओं के अनगिनत मामलों के पीछे शराब एक बड़ा कारण बनती है। डॉक्टर अनौपचारिक बातचीत में यह स्वीकार करते हैं कि शराब से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एक व्यक्ति शराब पीकर बीमार पड़ता है, लेकिन उसकी कीमत पूरा परिवार चुकाता है। घर की जमा पूंजी इलाज में खत्म हो जाती है। बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं। परिवार कर्ज में डूब जाता है। फिर भी शराब को 'व्यक्तिगत स्वतंत्रता' का मामला कहकर चर्चा खत्म कर दी जाती है। जबकि सच्चाई यह है कि शराब का प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, वह पूरे समाज पर पड़ता है। शराब और अपराध का संबंध भी किसी से छिपा नहीं है।

घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटनाएँ, हत्या, छेड़छाड़ और दुष्कर्म जैसे अनेक अपराधों में शराब की भूमिका सामने आती है। शराब इंसान की सोचने-समझने की क्षमता को खत्म कर देती है और क्षणिक उत्तेजना में वह ऐसा अपराध कर बैठता है जिसका पछतावा जिंदगी भर रहता है। यदि सरकार सच में महिलाओं की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर गंभीर है, तो शराब नीति पर कठोर और ईमानदार चर्चा क्यों नहीं होती? आखिर क्यों शराब को केवल 'राजस्व' के चश्मे से देखा जाता है?

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष-** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**वृष-** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**मिथुन-** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे।

**कर्क-** परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेगी।

**सिंह-** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कन्या-** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

**तुला-** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। किसी महत्वपूर्ण सिद्धि लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे।

**वृश्चिक-** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**धनु-** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है।

**मकर-** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कुंभ-** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। । कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**मीन-** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# न्याय के साथ विकास की नीति के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं योजनाएं: रामकृपाल

## विकास कार्यों में शिथिलता, वित्तीय अनियमितता, तकनीकी लापरवाही किसी भी स्तर पर नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

**बेगूसराय, 01 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार को समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के मंत्री सह प्रभारी मंत्री राम कृपाल यादव ने की। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों, तकनीकी प्रमंडलों, नगर निकायों तथा योजनाओं की अद्यतन प्रगति, वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियों तथा पूर्व में निर्गत निदेशों के अनुपालन की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में गन्ना मंत्री बिहार सरकार संजय पासवान, जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, विधान पार्षद उर्मिला ठाकुर, विधायक बेगूसराय कुंदन कुमार, विधायक तेघड़ा रजनीश कुमार, विधायक चेरियाबरियारपुर अभिषेक आनंद, महापौर नगर निगम पिंकी देवी, जिला परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।




बैठक से पूर्व जिला पदाधिकारी द्वारा मंत्री एवं उप विकास आयुक्त द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को किताब प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार न्याय के साथ विकास की नीति के अनुरूप जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में शिथिलता, वित्तीय अनियमितता अथवा तकनीकी लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी।बैठक में बेगूसराय नगर निगम तथा बरौनी, बीहट, बखरी, बलिया एवं तेघड़ा नगर निकायों में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, सात निश्चय-2, हर घर नल का जल, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा अन्य शहरी आधारभूत योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। नगर निगम बेगूसराय अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 के तहत स्वीकृत 2958 आवासों के विरुद्ध सभी कार्यादेश निर्गत किए जा चुके हैं तथा 1813 आवास पूर्ण हो चुके हैं। पीएमएवाई (यू) 2.0 अंतर्गत 1495 लाभुकों को प्रथम किस्त हस्तांतरित की जा चुकी है जबकि तकनीकी कारणों से लंबित खातों के सदर्डित के लिए विभागीय स्तर पर कार्रवाई जारी है। बलिया एवं तेघड़ा नगर परिषदों में सड़क नाला एवं सौंदर्यीकरण योजनाओं के लंबित योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। कृषि विभाग की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि गरमा मौसम के बीज वितरण कार्यक्रम में प्राप्त बीजों का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया गया है।

# मैरवा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ-जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई, 73 पाउच देशी शराब बरामद

**सीवान, 01 जून (तरुणमित्र)।** रेलवे सुरक्षा बल की क्राइम प्रिवेंशन एंड डिटेक्शन स्क्वॉड, आरपीएफ पोस्ट सीवान एवं जीआरपी सीवान की संयुक्त कार्रवाई में मैरवा रेलवे स्टेशन से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 14.6 लीटर देशी शराब बरामद की गई है।जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक सीवान सुभाष चंद्र यादव के आदेश पर रविवार को मैरवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर फुट ओवर ब्रिज के समीप संयुक्त जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को एक हैंडबैग एवं शरीर में शराब छिपाकर ले जाते हुए पकड़ा गया।तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 200 एमएल का 73 पीस रोमियो राजा लाइम देशी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की कुल मात्रा 14.600 लीटर तथा अनुमानित कीमत 4,015 रुपये बताई गई है।



बरामद शराब को अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी सीवान को सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में जीआरपी थाना सीवान में कांड संख्या 92/26 दर्ज करते हुए,बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जनार्दन सिंह (58 वर्ष), पिता राम बहोरना सिंह, निवासी रतसिया, थाना बनकटा, जिला देवरिया,उत्तर प्रदेश तथा अनवर अंसारी (40 वर्ष), पिता नथुनी अंसारी, निवासी प्रतापपुर, थाना श्रीरामपुर, जिला देवरिया ,उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

# छपरा में संस्कार भारती ने मासिक संगीत संध्या का हुआ आयोजन




**सारण, 01 जून (तरुणमित्र)।** कला और साहित्य के क्षेत्र में समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की सारण इकाई द्वारा छपरा जंक्शन परिसर स्थित श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में मासिक संगीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, उत्तर बिहार के प्रांत कार्यवाह अभय कुमार गर्ग, विशिष्ट अतिथि संस्कार भारती के महामंत्री सुरभित दत्त, प्रांतीय लोक कला विभाग के सदस्य राजेश चंद्र मिश्र और राहुल मेहता और कार्यक्रम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अभय कुमार गर्ग ने कहा कि गीत, संगीत और नृत्य हमारी सनातन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। संस्कार भारती इस अमूल्य धरोहर को जीवंत बनाए रखने का सराहनीय कार्य कर रही है। इसके बाद संस्था की परंपरा के अनुसार मंजू कुमारी एवं राजेश चंद्र मिश्र ने ध्येय गीत प्रस्तुत किया।

संगीत संध्या की शुरूआत में विवेक समदर्शी और विश्वनेक समदर्शी की टीम ने रामधुन का गायन कर पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। इसके बाद उदय नारायण सिंह, मनोज बिहारी, सुधाकर कश्यप, राजकिशोर, शुभम सत्यम और अशोक पांडे सहित कई कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शास्त्रीय एवं लोक गायन की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच का कुशल संचालन भंवर किशोर ने किया।

# सुपौल में बाढ़ अवधि शुरू, कोसी बराज से छोड़ा गया क्यूसेक पानी, प्रशासन अलर्ट मोड में

**सुपौल, 01 जून (तरुणमित्र)।।** जिले में सोमवार से आधिकारिक रूप से बाढ़ अवधि की शुरूआत हो गई है। संभावित बाढ़ और कटाव की चुनौतियों को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी सावन कुमार के नेतृत्व में सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रखा गया है तथा संवेदनशील तटबंधों और नदी क्षेत्रों की लगातार निगरानी शुरू कर दी गई है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह 8 बजे कोसी बराज से डाउन स्ट्रीम में 25,850 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज दर्ज किया गया। वहीं नेपाल स्थित बराह क्षेत्र से 21,650 क्यूसेक जलप्रवाह रिकॉर्ड किया गया। वर्तमान में पूर्वी एवं पश्चिमी कोसी मुख्य नहरों में पानी का प्रवाह शून्य है। प्रशासन का कहना है कि फिलहाल नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से काफी



नीचे है, लेकिन मानसून के आगमन और नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में संभावित वर्षा को देखते हुए किसी भी स्थिति से निपटने की तैयारी की जा रही है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया गया है और सभी प्रखंड व अंचल स्तर के अधिकारियों को लगातार स्थिति पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने बाढ़ सुरक्षा से जुड़े अभियंताओं एवं अधिकारियों को अपने-अपने कार्यस्थलों पर मुस्तैद रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाढ़ अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा जिले से होकर गुजरने वाली कोसी, तिलयुगा, बिड़ल, खाड़ो और जीता धार समेत अन्य प्रमुख नदियों के जलस्तर तथा तटबंधों की स्थिति पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दें। बाढ़ अवधि की शुरूआत के साथ ही पूरे जिले में निगरानी एवं सतर्कता व्यवस्था को और मजबूत कर दिया गया है, ताकि किसी भी संभावित आपदा से समय रहते प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

# राष्ट्रीय वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष बनने पर विनोद प्रसाद का भव्य स्वागत




**मोतिहारी पु.च., 01 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर विनोद प्रसाद गुप्ता का रविवार को तुरकौलिया प्रखंड अंतर्गत तुरकौलिया पूर्वी पंचायत स्थित समाज सेवा सदन सभागार में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुरकौलिया मुखिया संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार ने की।

समारोह के दौरान सुनील कुमार ने विनोद प्रसाद गुप्ता को बुके, माला एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों ने भी फूल-मालाओं से उनका स्वागत कर खुशी जाहिर की।अपने संबोधन में विनोद प्रसाद गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय वैश्य महासभा द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज के लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहेंगे तथा समाज के उत्थान और संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।अभिनंदन समारोह में विनय कुमार मुखिया, रंजीत जायसवाल, इंजीनियर ललन कुमार, राजन कुमार, हरि प्रसाद (पूर्व पार्षद), मुरली मनोहर प्रसाद, राजीव कुमार, संजय सराफ, प्रदीप साह (पूर्व मुखिया), मनोज कुमार सरपंच सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा तथा उपस्थित लोगों ने विनोद प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में समाज के विकास और संगठन की मजबूती की उम्मीद जताई।

## सुपौल जिला सब जूनियर शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

### पीयूष कुमार एवं प्रीति कुमारी बने विजेता

**सुपौल।** सुपौल जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित सुपौल जिला सब जूनियर शतरंज प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। गौरवगढ़ स्थित हजारी उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में ओपन वर्ग में 34 तथा बालिका वर्ग में 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में छह चक्र खेलने के बाद चार खिलाड़ी 5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे। अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर आलोक प्रियदर्शी के तकनीकी संचालन में सम्पन्न इस प्रतियोगिता में टाई-ब्रेक अंकों के आधार पर विजेताओं की घोषणा की गई। ओपन वर्ग में परिणाम,विजेता,पीयूष कुमार उपविजेता, आदित्य मिश्रा,तीसरा स्थान नैतिक नाहर चौथा स्थान,अनुभव कुमार जबकि बालिका वर्ग में परिणाम चार चक्रों के बाद निर्मली की प्रीति कुमारी ने सभी मुकाबले जीतकर 4 अंकों के साथ विजेता का खिताब अपने नाम किया।

# पोखर में डूबने से 63 वर्षीय बुजुर्ग की मौत, गांव में पसरा मातम

**सुपौल, 01 जून (तरुणमित्र)।** जिले के राजेश्वरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरिया वार्ड संख्या-4 में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में पोखर में डूबने से 63 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई।

घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मृतक की पहचान बेरिया वार्ड संख्या-4 निवासी नारायण मंडल (63) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सोमवार दोपहर वह खेत से काम कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित एक पोखर पर हाथ-पैर धोने के लिए रुके। बताया जा रहा है कि पोखर में उतरते समय उनका पैर फिसल गया, जिससे वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।आसपास मौजूद लोगों की नजर जब उन पर पड़ी तो उन्हें बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और काफी मशक्कत के बाद पोखर से उनका शव बाहर निकाला गया।घटना की खबर मिलते ही परिवार के सदस्य भी घटनास्थल पर पहुंच गए। शव को देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और गांव का माहौल गमगीन हो गया। नारायण मंडल अपने पीछे बड़ा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी पांच पुत्रियों में से चार की शादी हो चुकी है, जबकि एक पुत्री अविवाहित है। इसके अलावा उनके दो पुत्र भी हैं। परिजनों ने बताया कि वह परिवार के जिम्मेदार और मेहनती सदस्य थे। उनकी अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## संक्षिप्त समाचार

### छपरा में आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर प्रमुख नागरिक गोष्ठी का हुआ आयोजन

**सारण, 01 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छपरा द्वारा संगठन के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में स्थानीय स्नेही भवन भगवान बाजार के सभागार में एक प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रबुद्ध और श्रेष्ठ जनों के सहयोग से राष्ट्र निर्माण को एक सही दिशा देना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित उत्तर बिहार प्रांत कार्यवाह अभय कुमार गर्ग ने संघ की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ आज विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन है। अब समाज के हर वर्ग से संवाद कर संघ के कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुँचाना है। उन्होंने संघ द्वारा संकल्पित पंच परिवर्तन पर भी विस्तार से बात की। गोष्ठी की अध्यक्षता पटना एम्स के कैंसर विभाग के अध्यक्ष डॉ. जगजीत पांडेय ने की। कार्यक्रम के अंत में विभाग संघचालक विजय कुमार सिंह ने उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### तनाएरा ने लॉन्च किया 'इनाया', साड़ियों का आधुनिक कलेक्शन

**बेगूसराय , 01 जून (तरुणमित्र)।** आज के दौर में जश्न का अंदाज अधिक निजी, अभिव्यक्तिपूर्ण और स्टाइल के प्रति सजग हो रहा है, इसी को ध्यान में रखते हुए टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा लेकर आए हैं साड़ियों का आधुनिक कलेक्शन, जिसे खासतौर पर आज के दौर की महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो हर मौके के लिए अनुकूल, सहज और खूबसूरत दिखना चाहती हैं। मात्र रु 3499 की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध इस कलेक्शन में किफायती दाम पर फैशनेबल साड़ियां उपलब्ध हैं, जो अपने बेहतरीन डिजाइन एवं आकर्षण के साथ आपको अनूठा आत्मविश्वास देती हैं। लाईटवेट और फ्लोइ फैब्रिक से बना इनाया कलेक्शन, आराम और खूबसूरती का अनूठा संयोजन है, जिसमें हर मौके के लिए अनुकूल साड़ियां हैं, इन्हें आप अपने किसी खास जश्न में, या जीवन के किसी खास मौके पर, शादियों से पहले के उत्सवों में या सामाजिक समारोहों में पहन सकती हैं। प्रकृति और ब्रह्मांड की अनंत गति से प्रेरित, जहाँ हर चीज निरंतर, भव्य तरीके से बदल रही है, यह कलेक्शन फूलों के चित्रों, विकसित होती आकृतियों और आकाशीय ज्यामितीय प्रभावों से जीवंत हो उठता है।

### बंसवारी से 14 पीस विदेशी बियर बरामद, धंधेबाज फरार

**हरसिद्धि, 01 जून (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सेवराहाँ बिन्द टोली ग्राम में छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी बियर बरामद की है.पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी कि गांव में शराब की तस्करी की जा रही है. इस आधार पर हरसिद्धि थाना के दरोगा प्रीतम कुमार ने दल बल के साथ पहुंचकर शराब कारोबारी नितेश कुमार (पिता- मोहन बिन्द) के घर के समीप स्थित बंसवारी यानी बांस की झाड़ी में सघन तलाशी अभियान चलाया. तलाशी के दौरान झाड़ियों में छिपाकर रखे गए किंगफिशर ब्रांड के 14 पीस बियर बरामद किए गए. प्रत्येक बियर 500 एमएल की है, जिससे कुल 07 लीटर विदेशी बियर जब्त की गई है.मामले की पुष्टि करते हुए हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि छापेमारी की भनक लगते ही मुख्य धंधेबाज नितेश कुमार घर छोड़कर फरार होने में सफल रहा. पुलिस ने बरामद बियर को जब्त कर लिया है. फरार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. पुलिस का दावा है कि तस्कर को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा उपाय: प्रो. किशोरी

**रामगढ़वा, पू.च:, 01 जून (तरुणमित्र)।** विश्व पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को प्रखंड के भैंसड़ा गांव में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास विषय पर एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद प्रो. किशोरी प्रसाद भारती ने की। गोष्ठी में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, किसानों एवं युवाओं ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. भारती ने कहा कि पर्यावरण की लगातार हो रही अनदेखी के कारण प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है, जिसका सीधा असर वर्षा चक्र,जल स्त्रोतों तथा मानव जीवन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते धरती, जल और वायु को प्रदूषण से बचाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान किया। प्रो. भारती ने किसानों को अपनी खाली एवं परती भूमि पर हरित वाटिका विकसित करने की सलाह देते हुए कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और परिवारों को ताजी एवं पौष्टिक सब्जियां भी उपलब्ध होंगी।

**NOTICE**

I Shanti Devi W/o Surendra Prasad Sinha R/o Vil Bhelwa, Patna, Ganwan, Giridih, Jharkhand - 815313, have changed my name to Gauri Devi

# अरविन्द मोहन को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**पत्रकार नगर,खगड़िया, 01 जून (तरुणमित्र)।** खगड़िया जनता दल यूनाइटेड के पूर्व जिला प्रवक्ता, प्रख्यात क्रिकेट खिलाड़ी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं लोकप्रिय समाजसेवी स्वर्गीय श्रद्धेय अरविन्द मोहन जी के श्राद्धकर्म के अवसर पर रविवार को देर रात तक नगर के सन्हौली स्थित उनके पैतृक आवास पर श्रद्धा, सम्मान, स्मृति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं एवं आम नागरिकों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने स्वर्गीय अरविन्द मोहन जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक योगदान, संगठनात्मक कुशलता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को याद किया। उन्होंने कहा कि अरविंद मोहन जी हमारे जदयू पार्टी के समर्पित साथी थे। उनके आसमयिक चले जाना हमलोगों के लिए काफी क्षति है। श्रद्धांजलि सभा में बेलदौर के विधायक पन्नालाल सिंह पटेल , सदर के विधायक बबलू कुमार उर्फ बबलू मंडल तथा परबत्ता के विधायक बाबूलाल शौर्य ने भी श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में तीसरे 'सहयोग शिविर'का आयोजन आज

**बेगूसराय , 01 जून (तरुणमित्र)।** आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निष्पादन तथा प्रशासनिक सेवाओं को पंचायत स्तर तक अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 02 जून (मंगलवार) को जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में तीसरे सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी शिविर प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होंगे। जिला प्रशासन द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित होने वाले इस सहयोग शिविर में वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों का स्थानीय स्तर पर सुनवाई कर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करेंगे।

शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जिला अथवा प्रखंड कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर से राहत प्रदान करते हुए पंचायत स्तर पर ही प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना है। बरौनी प्रखंड के मल्हीपुर दक्षिण एवं पपरौर, बेगूसराय प्रखंड के जिनेदपुर एवं रजौड़ा, वीरपुर के भवानंदपुर, मटिहानी के सिंहमा एवं खोरमपुर, शाम्हो के सलहा सैदपुर बरारी-1, बलिया के सालेहचक, साहेबपुर कमाल के सनहा उत्तर एवं सादपुर पूरब, डंडारी के राजोपुर, चेरिया बरियारपुर के बसही, खोदावंदपुर के बारा, छौड़ाही के सिंहमा, बखरी के मोहनपुर, गढ़पुरा के दुनही एवं मौजी हरिसिंह, नावकोठी के पहसारा पूर्वी, तेघड़ा के आधारपुर, बछवाड़ा के चमथा-1 एवं चमथा-2, भगवानपुर के महेशपुर तथा मंसूरचक प्रखंड के गोविन्दपुर-2 पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी शिविर स्थलों पर आमजन की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने पंचायत क्षेत्र में आयोजित तीसरे चरण के सहयोग शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत करें तथा प्रशासन की इस जनहितकारी पहल का लाभ उठाएं।

# जिले में विकास को गति देना सर्वोच्च प्राथमिकता, सभी विभागीय पदाधिकारी निर्धारित अवधि में लक्ष्य को करें हासिल

**मोतिहारी, 01 जून (तरुणमित्र)।** श्रवण कुमार, मंत्री ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सह प्रभारी मंत्री पूर्वी चंपारण की अध्यक्षता में पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉक्टर राधाकृष्णन सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में सांसद शिवहर लवली आनंद, विधायक प्रमोद कुमार, कृष्णनंदन पासवान राणा रणधीर, लाल बाबू प्रसाद गुप्ता, प्रमोद कुमार सिंहा, श्याम बाबू प्रसाद यादव, सचिंद्र प्रसाद सिंह, शालिनी मिश्रा, राजू तिवारी, राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता, विशाल कुमार, फैजल रहमान, विधान पार्षद महेश्वर सिंह, डॉ खालिद अनवर, जिला परिषद अध्यक्ष ममता राय, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मंजू देवी एवं प्रकाश अस्थाना, सांसद पश्चिमी चंपारण के प्रतिनिधि,जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी,



डीसीएलआर, कार्य विभागों के कार्य पालक अभियंता सहित कार्यक्रम कार्यान्वयन में समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक के प्रारंभ में सभी सदस्य गण का जिलाधिकारी के द्वारा स्वागत किया गया तत्पश्चात बैठक की कार्रवाई प्रारंभ हुई जिसमें पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जिला में चल रहे विकास के कार्य की जानकारी सभी माननीय सदस्य गण को दी गई।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री के द्वारा निर्देश दिया गया कि पूर्वी चंपारण जिले में महात्मा गांधी जी से जुड़े स्थलों को चिन्हित किया जाए एवं इन स्थलों के विकास के लिए क्या कुछ किया जा सकता है इसका प्रस्ताव बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी पंचायत सरकार भवन पूर्ण हो चुके हैं उसे शीघ्र हस्तगत करते हुए एक सप्ताह के अंदर वहां पर विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में कार्य प्रारंभ कराया जाए ताकि ग्रामीण जनता को इसका लाभ मिल सके।

सम्राट अशोक भवन के लिए जमीन की उपलब्धता के लिए मंत्री के द्वारा निर्देश दिया गया साथ ही रामगढ़वा में इंडस्ट्रियल एरिया के लिए जमीन चिन्हित करने संबंधी निर्देश दिये गए।बाबा सोमेश्वर नाथ मंदिर परिसर के विकास सहित मुख्य पथ को जोड़ने वाले बाईपास के निर्माण पर विचार करने की बात कही गई ताकि रास्ते/यातायात सुगम हो सके। बैठक में विभागीय कार्य एवं उपलब्धियों की समीक्षा की गई। विभागीय कार्य एवं उपलब्धियों क पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सदस्य गण को अवगत कराया गया। ग्रामीण विकास के कार्यों के अंतर्गत किए कार्यों एवं प्राप्त किए गए उपलब्धि की जानकारी देते हुए उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिला में खेल के मैदान में 99.67 प्रतिशत की उपलब्धि अर्जित की गई है। जिला के कुल 394 ग्राम पंचायत में 308 में खेल मैदान का निर्माण कार्य लिया गया था जिसमें 307 खेल मैदान को पूर्ण कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन के मामले में वित्तीय वर्ष 2025- 26 में 99.61प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त की गई है। जिला में अभी तक 116,51,831 मानव दिवस का सृजन किया गया है। वित्तीय वर्ष 26-27 अंतर्गत भी पिछले दो माह में 22.27 प्रतिशत की उपलब्धि अर्जित करते हुए 533 032 मानव दिवस का सृजन किया गया है।

# जिले में आयोजित शिविर में अपनी समस्याओं, शिकायतों के साथ नागरिक सुबह दस बजे पहुंचेः डीएम

## जन-समस्याओं का होगा त्वरित निष्पादन,काराकाट में डीएम एसपी रहेंगे मौजूद

**सासाराम, 01 जून (तरुणमित्र)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'सबका सम्मान- जीवन आसान' संकल्प के अंतर्गत आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से रोहतास जिले की विभिन्न पंचायतों में कल दिनांक 2 जून को दूसरा सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी रोहतास श्रीमती उदिता सिंह ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने पंचायत क्षेत्र में आयोजित सहयोग शिविर में सुबह 10 बजे से पहुंचकर अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उनका त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।जिलाधिकारी ने बताया कि सहयोग शिविर पंचायत सरकार भवन अथवा निकटवर्ती सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे, जहां विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी



उपस्थित रहेंगे। शिविर में प्राप्त शिकायतों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही नागरिक ऑनलाइन माध्यम से पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।डीपीआरओ आशीष रंजन ने बताया कि काराकाट के काराकाट पंचायत भवन पंचायत में जिलाधिकारी रोहतास श्रीमती उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार शिविर में मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार काराकाट प्रखंड के अमौना पंचायत सरकार भवन में बंदोबस्त पदाधिकारी श्री नवीन कुमार, अकोढ़ी गोला के पकरिया पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी डेहरी निलेश कुमार, बिक्रमगंज के खैरा बुधर में डीसीएलआर संतोष कुमार, चेनारी के मल्हीपुर पंचायत में जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रीमती अमृता ओशो, डेहरी के गंगौली पंचायत में वरीय उप समाहर्ता विनय प्रताप, दिनारा के अकोढ़ा पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार, करगहर के शिवन पंचायत में डीसीएलआर अशोक कुमार, कोचस के कपसिया पंचायत में वरीय उप समाहर्ता श्रीमती विनीता कुमारी, नासरीगंज के धनाव पंचायत में जिला आपूर्ति पदाधिकारी शशि शंकर, नौहट्टा के यदुनाथपुर पंचायत में नगर आयुक्त सासाराम विकास कुमार, नोखा के मौडीहा पंचायत में उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय, राजपुर के बरना पंचायत में डीपीजीआरओ सुभाष कुमार, रोहतास के बकनौरा पंचायत में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, सासाराम के करसेरुआ पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम श्रीमती नेहा कुमारी, शिवसागर के पडुरी पंचायत में वरीय उप समाहर्ता ओम प्रकाश लाल, सूर्यपुरा के शिवोबहार पंचायत में जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं तिलौथू के चितौली पंचायत में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एमडी जफर हसन शिविर में मौजूद रहेंगे। शिविर से संबंधित जानकारी हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1100 भी उपलब्ध है।

आयोजित किए जाने वाले पंचायतवार सहयोग शिविर के संबंध में पूर्व में निर्गत आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। काराकाट प्रखंड में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के स्थलों में परिवर्तन किया गया है। जिलाधिकारी रोहतास श्रीमती उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रोहतास रौशन कुमार काराकाट प्रखंड के काराकाट पंचायत सरकार भवन में आयोजित शिविर में भाग लेंगे।जबकि बंदोबस्त पदाधिकारी श्री नवीन कुमार काराकाट के अमौना पंचायत सरकार भवन के शिविर में उपस्थित रहेंगे।

## बीती रात अज्ञात चोर ने दो दुकान से 1.85 लाख कैश के साथ किराना सामान की चोरी

**कोचस (रोहतास), 01 जून (तरुणमित्र)।** जिले में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है,पुलिस एक तरफ दावा करती है कि थाना क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण पा लिया गया है लेकिन पुलिस की दावे पूरी तरह फेल साबित हो रही है। चोर कहीं रात के अंधेरे का फायदा उठाकर तो कहीं दिन में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जिसको लेकर के स्थानीय लोगों में काफी भाई का माहौल उत्पन्न है। वही रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने परसथुआ बाजार स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 319 के उत्तरी लेन स्थित राय मार्केट में ताला और शटर काट दो दुकानों से लगभग 5 लख रुपए की चोरी कर ली है। पीड़ित रविंद्र तिवारी के द्वारा आवेदन में लिखा गया कि उनके दुकान से 1.25000 रुपए कैश तथा 2.20 लाख रुपए की काजू केसर पिस्ता सहित अन्य कीमती सामग्री को अज्ञात चोरों ने चुरा ले गए हैं। जबकि लियाकत अंसारी के दुकान से 70 हजार रूपए कैश के साथ लाखों रुपए की किराना सामान चुराना चम्पत हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उक्त स्थल को पूरी तरह सील कर दी है, हालांकि खबर लिखे जाने तक उक्त स्थल पर जांच टीम नहीं पहुंची थी। इसकी पुष्टि करते हुए थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि दुकान एवं अगल-बगल तथा बैंक में लगाए गए सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि चोर गैस कटर लेकर आए और शटर काट कर सामान चोरी कर ट्रक से लेकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

## तिरंगे में लिपटा वीर सपूत का पार्थिव शरीर पहुंचते ही गमगीन हुआ लहेरी गांव

**दिनारा रोहतास।** देश सेवा के प्रति समर्पित एनडीआरएफ इंस्पेक्टर हेमंत कुमार के निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार की देर शाम जब उनका तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर पैतृक गांव लहेरी पहुंचा, तो अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों और शुभचिंतकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अपने वीर सपूत को अंतिम बार देखने के लिए गांव का हर वर्ग नम आंखों के साथ उपस्थित था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हेमंत कुमार गुजरात के बड़ोदरा स्थित 06वीं बटालियन एनडीआरएफ में इंस्पेक्टर (जीडी) के पद पर कार्यरत थे। कुछ दिनों पूर्व अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। निधन के उपरांत उनका पार्थिव शरीर हवाई मार्ग से पटना लाया गया, जहां से विशेष वाहन द्वारा रविवार की देर शाम पैतृक गांव लहेरी पहुंचाया गया। जैसे ही तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, पूरा वातावरण शोक में डूब गया।

## आज नगर निकायों में भी लगेंगे वार्डवार सहयोग शिविर

**बिक्रमगंज/ रोहतास, 01 जून (तरुणमित्र)।**आम नागरिकों को अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे संबंधित विभागों के समक्ष रखने तथा उनके त्वरित समाधान के उद्देश्य से राज्य सरकार के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सभी नगर निकायों में वार्डवार सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। जून 2026 का प्रथम शिविर मंगलवार, 02 जून 2026 से प्रारंभ होगा।इस संबंध में विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने निर्देश दिया है कि सहयोग शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का मानक कार्य प्रणाली (एसओपी) के तहत त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।विभाग की इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को विशेष सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## रोहतास में राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाने को ले जिला प्रशासन सख्त



**सासाराम, 01 जून (तरुणमित्र)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री रौशन कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा, अवैध अतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग पर नियंत्रण हेतु एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में सर्वोच्च न्यायालय एवं परिवहन विभाग के निदेर्शों के आलोक में निम्नलिखित प्रमुख निर्णय लिए गए:60 दिनों का अल्टीमेटमः राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे स्थित सभी नई और पुरानी अवैध संरचनाओं को अगले 60 दिनों के भीतर हटाने/ध्वस्तीकरण का सख्त निर्देश दिया गया।

निगरानी दल का गठनः सड़क सुरक्षा की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए 'संयुक्त समर्पित राजमार्ग निगरानी दल' का गठन किया गया, जो नियमित रूप से निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपेगा।सख्त कार्रवाईः अवैध पार्किंग, अनधिकृत प्रवेश/निकास मार्गों और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर प्रशासन ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी है।नियमित समीक्षाः टास्क फोर्स हर पखवाड़े समीक्षा बैठक करेगी और सड़क सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।

## आज आयोजित होगा 'सहयोग शिविर,जन-समस्याओं के त्वरित समाधान को प्रशासन पूरी तरह तत्पर

**सासाराम, 01 जून (तरुणमित्र)।**बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सबका सम्मान - जीवन आसान संकल्प के अंतर्गत आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से रोहतास जिले की विभिन्न पंचायतों में कल दिनांक 2 जून 2026 को दूसरा सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा।जिलाधिकारी रोहतास श्रीमती उदिता सिंह ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने पंचायत क्षेत्र में आयोजित सहयोग शिविर में सुबह 10 बजे से पहुंचकर अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उनका त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।जिलाधिकारी ने बताया कि सहयोग शिविर पंचायत सरकार भवन अथवा निकटवर्ती सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे, जहां विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। शिविर में प्राप्त शिकायतों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।डीपीआरओ आशीष रंजन ने बताया कि काराकाट के अमौना पंचायत में जिलाधिकारी रोहतास श्रीमती उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार शिविर में मौजूद रहेंगे।

## गोतिया के आपसी विवाद से शुरू हुआ झगड़ा खूनी संघर्ष में बदला, 5 गिरफ्तार

**काराकाट /रोहतास , 01 जून (तरुणमित्र)।** जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के परासी गांव में 31 मई को गोतिया समुदाय के दो पक्षों के बीच बांस काटने और महिलाओं के बीच गाली-गलौज को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों ओर के ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी गंभीर रूप से जख्मी हुए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों एक-दूसरे पर लाठियां बरसाते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित पक्ष के अनुसार जब दूसरा पक्ष उनके घर में घुसकर महिलाओं, लड़कियों और बच्चों पर हमला किया तो आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए। कुमार जनमेजय ने आरोप लगाया कि आशुतोष कुमार, देव नारायण प्रसाद व उनके सहयोगियों ने घरों में घुसकर मारपीट की; महिलाओं के कपड़े फाड़े गए, गला दबाने का प्रयास किया गया तथा गले की चैन छीन ली गई। शिकायत में बताया गया कि जूही कुमारी के सिर पर गंभीर चोट आई, कान का पर्दा फट गया और हाथ-पैर में चोटें आईं। साथ ही 11 व 13 वर्ष के दो नाबालिगों को धारदार हथियार से भी घायल करने का आरोप लगाया गया है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि मामला आपसी गोतिया विवाद से जुड़ा है और दोनों ओर से मारपीट हुई है। कराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि दोनों पक्षों की शिकायतों पर अलग-अलग मुकदमें क्रमशः कांड संख्या 222/26 और 221/26 दर्ज किए गए हैं। जनमेजय के आवेदन पर 16 व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया जबकि देव नारायण के आवेदन पर 5 नामजद किए गए। अब तक एक पक्ष के 4 और दूसरे पक्ष के 1 आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में देवनारायण प्रसाद, आशुतोष उर्फ बिट्टू, समरेश कुमार और जनमेजय सहित अन्य नाम शामिल हैं। पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश कर रही है और अदालत कार्रवाई जारी है।

## जिले के सभी नगर निकायों में आयोजित होगा सहयोग शिविर डीएम

**सासाराम, 01 जून (तरुणमित्र)।** बिहार सरकार के निदेर्शानुसार आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 2 जून को रोहतास जिले के सभी नगर निकायों में वार्डवार सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में आम नागरिक अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों से संबंधित आवेदन जमा कर सकेंगे, जिनके निष्पादन की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाएगी।जिलाधिकारी, रोहतास ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शों के आलोक में यह पहल नागरिकों को प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं सीधे रखने का प्रभावी मंच प्रदान करेगी। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया शिविर आयोजन तिथि से 30 दिन पूर्व प्रारंभ की जाएगी तथा प्राप्त सभी आवेदनों का डिजिटलीकरण कर जिला स्तरीय आवेदन अनुश्रवण कोषांग को भेजा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध शराब के खिलाफ छापामारी कर 40 लीटर अवैध शराब जब्त

**काराकाट/ रोहतास , 01 जून (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र में सोमवार को काराकाट पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चिकसिल बाल के मुसहर टोली में अवैध शराब के खिलाफ छापामारी कर 40 लीटर अवैध शराब जब्त की। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि छापेमारी की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई, लेकिन पुलिस को देखकर धंधेबाज फरार हो गया। मामले में काराकाट थाने में कांड संख्या 223/26 दर्ज कर आगे की जांच और छापेमारी जारी है। वहीं दूसरी ओर, पुलिस ने सोमवार को जयश्री गांव से एक सप्ताह पहले लापता हुए दो बच्चों को भी सकुशल बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि 24 मई को विजय सिंह के पुत्र रोशन कुमार और शिव शंकर शाह के पुत्र सोनू कुमार अचानक लापता हो गए थे। पुलिस ने गहन जांच और तकनीकी स्त्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर दोनों बच्चों को तलाश कर सकुशल बरामद किया। बच्चों को गांव के ही एक मामा बिट्टू पासवान के पास जो गुजरात के सूरत में रहते हैं, वही पाए जाने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर परिजनों के हवाले कर दिया गया।थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि अवैध शराब की आपूर्ति करने वालों की गिरफ्तारी के लिए टीमों को और बढ़ाया गया है तथा लापता बच्चों के तथ्यों की और पुष्टि कर परिवारों को सुरक्षा के निर्देश दिए गए हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक हुआ घायल

**कोचस (रोहतास), 01 जून (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर कटियरा टोल प्लाजा के समीप सोमवार को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान विक्रमगंज थाना क्षेत्र के कोल्हा नोनहर गांव निवासी इन्द्रमणि सिंह के रूप मे हुई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि उक्त बाइक सवार किसी निजी कार्य से कोचस की तरफ जा रहा था तभी तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर कटियार टोल प्लाजा के समीप पीछे से ठोकर मार दी जिसमें युवक सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद एनएचआई कर्मचारियों के अपने वाहन के द्वारा घायल अवस्था में युवक को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया ,जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक राजीव रंजन ने सर फटने व शरीर में गंभीर चोट आने और स्थिति नाजुक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।घटना के बाद इसकी जानकारी घायल युवक के परिजनों को दे दि गई है।

### गोडारी में आज लगेगा ऋणधारकों का सहायता शिविर

**काराकाट /रोहतास, 01 जून (तरुणमित्र)।** बिहार ग्रामीण बैंक शाखा गोड़ारी में मंगलवार यानी आज 2 जून 20260 को किसी भी प्रकार के ऋणधारकों के लिए समझौता शिविर का आयोजन होगा . शाखा प्रबंधक विकास कुमार सिंह ने बताया कि बिहार ग्रामीण बैंक शाखा गोड़ारी में शाखा प्रबंधक के कार्यालय में समझौता शिविर का आयोजन होगा . समझौता शिविर में केसीसी, सीसी, एडुकेशन लोन या हाउसिंग लोन या किसी भी प्रकार के लोन है वे सभी ग्राहक बैंक शाखा में आकर समझौता कर सकते है .शाखा प्रबंधक ने कहा कि अगर को भी ऋण धारक समझौत कर लेते है तो कानूनी कार्रवाई से बच सकते है .अगर जो बैंक के किसी भी प्रकार के ऋणधारक समझौता नहीं करेंगे तो जेल जाना होगा.

### भ्रष्ट आचरण मामले में सासाराम अंचलाधिकारी निलंबित

**सासाराम, 01 जून (तरुणमित्र)।**बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए रोहतास जिले के सदर अंचल अधिकारी आकाश कुमार रौनियार को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री रौनियार का मुख्यालय सारण प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय छपरा निर्धारित किया गया है, जहां वे हिरासत से मुक्त होने के बाद अपना योगदान समर्पित करेंगे और नियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। हालांकि बिहार सरकारी सेवक नियमावली के प्रावधानों के तहत श्री रौनियार को निलंबन अवधि के दौरान जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।दरअसल निगरानी विभाग ने बीते 22 मई को सदर अंचल अधिकारी आकाश कुमार रौनियार एवं उनके एक निजी कर्मी सोनू कुमार को तीन लाख रुपए की भारी-भरकम घूस लेते हुए गिरफ्तार किया था। हैरानी की बात यह है कि सदर सीओ के खिलाफ शिकायत उनके विभाग के एक राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार ने हीं निगरानी में दर्ज कराई थी। श्री रौनियार ने एक जमीन के दाखिल खारिज को लेकर छः लाख रुपए की मांग की थी, लेकिन तीन लाख रुपए की पहली किस्त लेते हुए वे गिरफ्तार हो गए। निगरानी टीम ने सीओ और उनके निजी कर्मी को भी गिरफ्तार किया था।विभाग ने श्री रौनियार को गिरफ्तारी तिथि से हीं निलंबित करने का निर्णय लिया है। साथ हीं विभाग ने रोहतास जिलाधिकारी से यह भी अनुरोध किया है कि अंचल अधिकारी आकाश कुमार रौनियार के विरुद्ध विहित प्रपत्र में साक्ष्य सहित आरोप पत्र गठित करते हुए विभाग को अविलंब उपलब्ध कराएं, ताकि जल्द से जल्द आगे की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

### जिले में एचआईवी सहित समेकित स्वास्थ्य जांच अभियान शुरू

**सासाराम, 01 जून (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले के सदर अस्पताल सासाराम प्रांगण से एड्स समेत अन्य गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को समेकित स्वास्थ्य जांच अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ मनीराज रंजन, एसीएमओ डॉ पुष्कर, सीडीओ डॉ राजीव रंजन , डीपीएम अजय कुमार और डीपीसी संजीव कुमार मधुकर द्वारा संयुक्त रूप से एक जागरूकता रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो आम लोगों को कई गंभीर बीमारियों की जांच के लिए प्रेरित करेगा।

# सहयोग शिविर को ले डीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की समीक्षा बैठक, सफल आयोजन को ले दिया दिशा-निर्देश

**सासाराम, 01 जून (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आगामी 2 जून 2026 को आयोजित होने वाले ₹सहयोग शिविर₹ की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी रोहतास श्रीमती उदिता सिंह ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बीपीआरओ तथा विभिन्न विभागों के प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सहयोग शिविर के सफल आयोजन को लेकर जारी सभी दिशा-निदेर्शों एवं आदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान, सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाओं को लोगों तक सुलभ बनाना है। ऐसे में सभी संबंधित पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे शिविर को प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाएं।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित विभागों के पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी



एवं थानाध्यक्ष अपने-अपने स्तर से जनहित से जुड़े मामलों के निष्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन शिकायत, भूमि विवाद, भूमि की नापी, प्राथमिकी से संबंधित मामले, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, अनुदान योजनाएं एवं अन्य लोकहितकारी मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।बैठक में जिलाधिकारी ने लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर के माध्यम से आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शिविर के आयोजन को सफल बनाने की दिशा में कार्य करें।सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सहयोग शिविर से पूर्व प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का यथासंभव निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मौसम ने ली अचानक करवट, आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश गर्मी से बेहाल लोगों को मीली राहत

**काराकाट/रोहतास , 01 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार की दोपहर में करीब ढाई बजे मौसम ने कुछ देर के लिए अचानक करवट ली और हल्की आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश ने गर्मी से बेहाल लोगों को बड़ी राहत पहुंचाई ।कुछ ही देर पहले तक तेज धूप और उमस से लोग परेशान थे, लेकिन अचानक बदले मौसम ने पूरे माहौल को खुशनुमा बना दिया ।ठंडी हवाओं और बारिश की फुहारों ने लोगों को राहत का एहसास कराया । मौसम बदलते ही घरों में कैद लोग बाहर निकल आए और ठंडक भरे माहौल का आनंद लेने लगे । वहीं छोटे-छोटे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था ।बच्चों ने बारिश की बूंदों के बीच खेलते-कूदते मौसम का खुलकर आनंद उठाया ।गलियों और मोहल्लों में बच्चों की हंसी और चहल-पहल ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया ।कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच आई इस झमाझम बारिश ने लोगों को राहत देने के साथ मौसम को भी सुहाना बना दिया ।

## यह संसार प्रतीक्षालय है, स्थायी ठिकाना नहीं : जीयर स्वामी जी महाराज

**दिनारा रोहतास, 01 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड क्षेत्र के मउडिहरा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा पंडाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की विशाल भीड़ के मध्य परम पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने अपने अमृतमय आध्यात्मिक प्रवचनों से उपस्थित जनसमुदाय को धर्म, भक्ति, मयार्दा और जीवन-दर्शन के गूढ़ रहस्यों से अवगत कराया।

स्वामी जी ने कहा कि आज से लगभग छह हजार वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए इस धरा पर अवतार लिया था। उसी कालखंड में महाभारत जैसे महायुद्ध के माध्यम से अन्याय पर न्याय की विजय का संदेश दिया गया। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ लोग भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, रामायण और महाभारत जैसे सनातन धर्म के आधारग्रंथों को काल्पनिक बताकर उनकी आलोचना करते हैं, किंतु ऐसे प्रयास सनातन संस्कृति को कमजोर नहीं बल्कि और अधिक सुदृढ़ करने वाले सिद्ध होते हैं।

अपने आध्यात्मिक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि यह संसार हमारा स्थायी निवास नहीं, बल्कि एक प्रतीक्षालय है। मनुष्य इस संसार रूपी यात्रा का मात्र एक यात्री है। संसार स्वयं में झंझट नहीं है, बल्कि उसे अपना मान लेने की प्रवृत्ति ही समस्त झंझटों का कारण बनती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे नौका को जल में रहना चाहिए, परंतु नौका के भीतर जल नहीं आना चाहिए, अन्यथा वह डूब जाती है; उसी प्रकार मनुष्य को संसार में रहना चाहिए, किंतु संसार को अपने मन में नहीं बसाना चाहिए।

स्वामी जी ने कहा कि जीवन में प्राप्त प्रत्येक श्रेष्ठ वस्तु को पहले भगवान को समर्पित करना चाहिए, क्योंकि इस सृष्टि की प्रत्येक वस्तु ईश्वर की ही देन है। उन्होंने लोभ और संग्रह की प्रवृत्ति को मानव जीवन के लिए घातक बताते हुए कहा कि नैतिकता और धर्म के बिना जीवन बोझ समान हो जाता है।

नारी सम्मान पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सभ्यता और संस्कृति के उत्कर्ष में महिलाओं का योगदान सदैव महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने महाकवि कालिदास और विद्योत्तमा के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि ईश्वर की कृपा और सत्संग से अज्ञान भी ज्ञान में परिवर्तित हो सकता है।

स्वामी जी ने कहा कि जब-जब सृष्टि पर संकट आया है, तब-तब भगवान नारायण ने अवतार लेकर धर्म और मानवता की रक्षा की है। उन्होंने वर्तमान सामाजिक परिवेश पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मयार्दा और संस्कार ही समाज की वास्तविक शक्ति हैं तथा इनके क्षरण से सामाजिक संतुलन प्रभावित होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को स्मरण कराया कि यह संसार एक सराय है, जहां धन, संपत्ति, घर-परिवार सब यहीं रह जाते हैं। मनुष्य के साथ यदि कुछ जाता है तो वह उसके शुभ कर्म और धर्म ही हैं।

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**संत कबीर नगर, 01 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा के हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद में जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव जी, विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी व जिलाधिकारी आलोक कुमार की उपस्थिति में मेधावी छात्र - छात्राओं का सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया।



हाई स्कूल एवं इंटरमिडियड बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र - छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम में लोक भवन में प्रसारित माननीय मुख्यमंत्री जी का लाइव प्रसारण एवं सम्बोधन जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी सहित उपस्थित अन्य अधिकारी गणों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा देखा व सुना गया। मुख्यमंत्री जी ने अपने सम्बोधन में आशीर्वाचन देते हुए मेधावी छात्र - छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के प्रति उत्साहित किया। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह में माननीय विधायक मेहदावल, जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं धनराशि चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। मेधावी विधार्थियो के सम्मान सें बच्चों के अंदर नई ऊर्जा का संचार हुआ जिसमे वे भविष्य में और आगे बढ़ेगे यह खुशी बच्चों के चेहरे पर देखी गई। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ सहित विद्यार्थियों के अभिभावक, शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## एसपी ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**संत कबीर नगर, 01 जून (तरुणमित्र)।** आज दिनाँक 01.06.2026 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से कार्यालय में उपस्थित होकर फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया।जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण करते हुए, निर्धारित समयावधि में उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए, तथा शिकायतकर्ताओं को की गई कार्यवाही से अवगत भी कराया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर पुलिस के प्रति जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत बनाना है। जनपद पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान एवं बेहतर पुलिसिंग के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# गुरु ने सौंपी गद्दी, सिधुआ पीठ के उत्तराधिकारी बने महंत राजनाथ

- आज वार्षिकोत्सव में जुटेंगे हजारों श्रद्धालु
- वैदिक मंत्रों के बीच और संतों के सानिध्य में सिधुआ स्थान को मिला नया उत्तराधिकारी



**कुशीनगर, 01 जून (तरुणमित्र)।** पडरौना नगर सीमा से सटे प्राचीन एवं आस्था के केंद्र सिधुआ स्थान में सोमवार को आध्यात्मिक परंपरा, श्रद्धा और सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और संत-महात्माओं के जयघोष के बीच महंत राजनाथ को सिधुआ स्थान का उत्तराधिकारी महंत घोषित कर विधिवत गद्दी पर आसीन कराया गया। इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने के लिए क्षेत्र सहित दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। समारोह में विभिन्न मठों एवं मंदिरों से आए महंतों, साधु-संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ उत्तराधिकार की रस्म पूरी की गई। सिधुआ स्थान के वर्तमान महंत योगेश्वरनाथ ने अपने पुत्र राजनाथ को चादर ओढ़ाकर एवं आशीर्वाद देकर गद्दी पर विराजमान कराया। उपस्थित संत-महात्माओं ने तिलक लगाकर अंगवस्त्र भेंट किया और उनके उज्ज्वल आध्यात्मिक नेतृत्व की कामना की। उत्साह के साथ मनाया जाता है बाबा सिद्धनाथ का वार्षिकोत्सव बतादे कि सिधुआ स्थान लंबे समय से क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां प्रतिवर्ष 2 जून को बाबा सिद्धनाथ का वार्षिकोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार एक दिन पूर्व अखंड भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं।

महंत योगेश्वरनाथ ने बताया कि 2 जून को बाबा सिद्धनाथ जी का वार्षिकोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान बगही कुटी के विशम्भर दास महाराज, अयोध्या के बालकदास महाराज, पत्थलेश्वरनाथ स्थान के महंत सतेंद्रगिरी, राम जानकी मंदिर कसया के रामनयन दास रामायणी के महंत रामबालक दास त्यागी, महंत दीपकनाथ , श्री दास महाराज सहित अनेक संत-महात्मा ने नये महंथ को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### खेत में मिला नर कंकाल, जांच में जुटी पुलिस

**देवरिया , 01 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के थाना खामपार क्षेत्र के ग्राम करौंदी में रविवार को खेत से नर कंकाल एवं खोपड़ी मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार खेत के पास ही कब्रिस्तान स्थित है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए।क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र को किया सम्मानित

**संत कबीर नगर, 01 जून (तरुणमित्र)।** आज दिनाँक 01.06.2026 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* द्वारा सूर्यांश वैभव द्विवेदी पुत्र अनिल कुमार द्विवेदी निवासी डमरूवर थाना मेहदावल जनपद संतकबीरनगर को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए कक्षा-06 में प्रवेश प्राप्त करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी ।पुलिस अधीक्षक ने छात्र की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, लगन एवं अनुशासन से प्राप्त की गई सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर अध्ययन एवं जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी छात्र की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे शुभकामनाएं दीं ।

### समस्याओं के लिए जान जोखिम में न डालें : डीएम

**गाजीपुर , 01 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनपद के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के समाधान हेतु पानी की टंकी, मोबाइल टावर अथवा अन्य ऊंचे स्थानों पर चढ़कर प्रशासन पर दबाव बनाने अथवा ब्लैकमेल करने का प्रयास न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के कृत्यों से किसी को न्याय नहीं दिलाया जा सकता तथा यह न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती उत्पन्न करता है, बल्कि संबंधित व्यक्ति के जीवन एवं सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद प्रशासन प्रत्येक नागरिक की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्णतः संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है। नागरिक अपनी शिकायतों एवं समस्याओं को जनसुनवाई, तहसील दिवस, थाना समाधान दिवस, सम्पूर्ण समाधान दिवस तथा अन्य निर्धारित प्रशासनिक माध्यमों से प्रस्तुत कर सकते हैं, जिनका नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाता है।उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में समस्याओं के समाधान के लिए वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन आवश्यक है। किसी भी प्रकार की आत्मघाती अथवा जोखिमपूर्ण गतिविधि से बचना चाहिए। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनसामान्य से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि न्यायिक आदेशों का सम्मान और कानून का पालन करें तथा अपनी समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित प्रक्रियाओं का ही उपयोग करें।

### गौ सेवकों ने कान्हा गौशाला में की गौ सेवा

**सीतापुर, 01 जून (तरुणमित्र)।** महोली मे केसरिया हिन्दू वाहिनी गौ रक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी कुलदीप वाजपेई के नेतृत्व में प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी कान्हा गौशाला महोली मे पहुंचकर गोवंशों की सेवा की और उन्हें भोजन कराया।गौ सेवकों ने गोवंशों को स्नान पूजन कराया तथा गोवंशों को फल खिलाएं।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**सीतापुर, 01 जून (तरुणमित्र)।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर अमन नशा मुक्ति केन्द्र तरीनपुर द्वारा विकास खण्ड परसेन्डी के ग्राम पीरपुर गुजरा में तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा आदि तम्बाकू युक्त पदार्थों के सेवन से होने वाली शारीरिक हानियों के विषय में जन जागृति लाने हेतु रैली का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उपस्थित ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुए डॉक्टर मुन्नालाल ने कहा कि गुटखा के लगातार सेवन से उच्चरक्त चाप, लीवर को लकवा, भूख की कमी, पथरी, कब्ज, मानसिक कमजोरी, रको गड़बड़ी, दिल का दौरा, नपुंसकता मुंह के भीतर झिल्लियों में अक्छन, मुंह में सफेद छाले, मुंह का खुलना कम होना आदि बीमारियां हो जाती हैं। गुट्खे में डाला जाने वाला तम्बाकू चूना, सुपारी सभी कैंसर के प्रेरक हैं। उन्होंने कहाकि सिगरेट के चुएं में कार्बन मोनो आक्साइड, हाइड्रोजन सायनाइड, अमोनिया, नाइ?ट्रोजन आक्साइड ये गैस खांसी उत्पन्नकरती हैं। साथ ही श्वास नली को संकुचित करके उसमें विभिन्न रोगों को जन्म देती है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू के सेवन से उत्पन्न होने वाले रोगों जैसे- मुख गले, सासाउन्ड बाक्स, फूड पाइप, पैन्क्रियाज, आदि में कैंसर का खतरा एवं सुबह आँखे खुलने के समय खांसी आना, बलगम, साँस फूलना, आवाज भारी होना व त्वचा और दांतो पर धब्बे जख्मों का देरी से भरना, मोतिया बिन्द एवं पेट में अल्सर हो जाता है।

# मेहनत का मिला इनाम, कुशीनगर के उज्ज्वल बने आईआईटी के नए सितारे

**कुशीनगर, 01 जून (तरुणमित्र)।** प्रतिभा जब परिश्रम और आत्मविश्वास से मिलती है तो सफलता की नई इबारत लिखती है। इसका ताजा उदाहरण कुशीनगर जनपद के कसया तहसील के होनहार छात्र उज्ज्वल तिवारी ने प्रस्तुत किया है।

आईआईटी जेईई एडवांस्ड 2026 के घोषित परिणाम में उज्ज्वल तिवारी ने ऑल इंडिया रैंक 853 प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। ग्राम प्रधान रानी तिवारी एवं विजय तिवारी के पुत्र उज्ज्वल ने यह सिद्ध कर दिया कि सपनों की ऊंचाई संसाधनों से नहीं, बल्कि संकल्प और मेहनत से तय होती है। परिणाम घोषित होते ही कसया से लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों तक खुशी की लहर दौड़ गई। बधाई देने वालों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा और घर उत्सव स्थल में बदल गया।

उज्ज्वल की सफलता के पीछे वर्षों का अनुशासन, निरंतर अभ्यास और परिवार का अटूट विश्वास रहा। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने बड़े भाई एडवोकेट ऋषभ तिवारी के मार्गदर्शन, दादा रमाशंकर तिवारी के आशीर्वाद तथा बड़े पापा विनोद तिवारी, नवीन तिवारी, बड़े भाई ई. गौरव तिवारी, डॉ. वैभव तिवारी, ई. उत्कर्ष तिवारी और ई. उत्सव तिवारी को दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका उत्साह बढ़ाया।उज्ज्वल की शैक्षणिक यात्रा भी प्रेरणादायक रही है। कक्षा 6 से 10 तक की शिक्षा उन्होंने कसया स्थित हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए उन्होंने गोरखपुर के मोमेंटम कोचिंग संस्थान का रुख किया। वहीं से उन्होंने अपने सपनों को आकार देना शुरू किया और कठिन परिश्रम के दम पर देश के शीर्ष प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में स्थान बनाया।

छह भाइयों में सबसे छोटे उज्ज्वल ने सफलता के बाद कहा, ऱमैंने कभी परिणाम के बारे में अधिक नहीं सोचा, मेरा पूरा ध्यान तैयारी और निरंतर सुधार पर था। मुझे अपने ऊपर विश्वास था कि मेहनत रंग लाएगी। परिवार, गुरुजनों और बड़े भाइयों का सहयोग मेरी सबसे बड़ी ताकत रहा।

## दलित किशोरी को बाल पकड़ गांव में घुमाया,पीटा

**देवरिया, 01 जून (तरुणमित्र)।** देवरिया जिले में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव में चोरी के आरोप में एक दलित किशोरी के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। किशोरी को पहले बाल पकड़कर पूरे गांव में घुमाया गया, फिर नीम के पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीटा गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।जानकारी के मुताबिक गांव निवासी हरिकेश गुप्ता, जो किराने की दुकान चलाते हैं, ने किशोरी पर दुकान से चोरी करने का आरोप लगाया। आरोप है कि रविवार को किशोरी को पकड़ने के बाद आरोपी ने कानून हाथ में लेते हुए।

# यूपी बोर्ड टॉप-10 में स्थान पाने वाली छात्रा आराधना कुमारी सम्मानित




**देवरिया, 01 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान बनाकर जनपद का नाम रोशन करने वाली छात्रा आराधना कुमारी को सोमवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया।आराधना कुमारी, मनोज कुमार की पुत्री एवं जोनिया इंटरमीडिएट कॉलेज, देवरिया की कक्षा 12 की छात्रा हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के बल पर प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। जिलाधिकारी ने छात्रा को 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने आराधना को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

डीएम ने कहा कि आराधना की सफलता जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद और प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 'जनता दर्शन' में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**सिद्धार्थ नगर , 01 जून (तरुणमित्र)।** जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए आज पुलिस कार्यालय में विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (ररढ) सिद्धार्थनगर, डॉ0 अभिषेक महाजन ने स्वयं 'जनता दर्शन' में आए दूर-दराज के फरियादियों की शिकायतों और समस्याओं को बेहद संवेदनशीलता के साथ सुना।

इस जनसुनवाई के दौरान कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इनमें से 08 मामले भूमि विवाद से संबंधित थे, जबकि शेष 10 मामले अन्य विभिन्न समस्याओं से जुड़े थे।एसएसपी डॉ0 अभिषेक महाजन ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और संबंधित थाना प्रभारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया।

कि प्राप्त सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण अत्यंत शीघ्र, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीड़ित नागरिकों को न्याय दिलाना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# डीएम ने प्रोबेशन व पोषण योजनाओं की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

**देवरिया, 01 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रोबेशन विभाग एवं जिला पोषण समिति की बैठक कर विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए सभी योजनाओं के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति के निर्देश दिए।




प्रोबेशन विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम ने कहा कि विभाग की योजनाएं महिलाओं, बच्चों, निराश्रितों एवं जरूरतमंदों के कल्याण से सीधे जुड़ी हैं, इसलिए लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन कराने, अभिभावकों को निःशुल्क शिक्षा, आवास, भोजन एवं सुरक्षा जैसी सुविधाओं की जानकारी देने तथा जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।उन्होंने वन स्टॉप सेंटर की आवासीय क्षमता बढ़ाने, घरेलू हिंसा, कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य योजनाओं के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा। साथ ही योजनाओं का थाना-वार डाटा तैयार कर प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया।जिला पोषण समिति की बैठक में डीएम ने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं एएनएम को नियमित होम विजिट करने तथा गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समीक्षा बैठकों में केवल सही एवं वास्तविक आंकड़े ही प्रस्तुत किए जाएं।

डीएम ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को निर्धारित मानकों पर संतृप्त करने, वीएचएसएनडी सत्रों का प्रभावी आयोजन करने तथा विभागीय समन्वय के माध्यम से पोषण एवं स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार लाने पर बल दिया। बैठकों में सीडीओ राजेश कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. ए.के. गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल सोनकर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह सम्पन्न

**सिद्धार्थ नगर, 01 जून (तरुणमित्र)।** समाचार।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का सजीव (लाइव) प्रसारण सोमवार को जनपद के अम्बेडकर सभागार में उत्साहपूर्वक देखा गया। लोकभवन, लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद स्तर पर भी एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावियों को प्रमाण-पत्र और सांकेतिक चेक देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डुमरियागंज के माननीय सांसद जगदम्बिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य तथा जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। दीप प्रज्वलन से हुई शुरूआत, देखा गया लाइव प्रसारण जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहा गया तथा उन्हें भविष्य में और अधिक मेहनत कर सफलता के नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधारः सांसद अपने संबोधन में सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार है। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहाःआज प्रदेश में शिक्षा का स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है। हमारी छात्राएं विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं।



उन्होंने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और देश तथा समाज के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देने का आह्वान किया। मेहनत, लगन और अनुशासन जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

## मेधावियों का सम्मान, विद्यार्थियों को मिला आगे बढ़ने का संदेश

**देवरिया, 01 जून (तरुणमित्र)।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से सोमवार को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जनपद स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी रहे। विशिष्ट अतिथियों में भाटपाररानी विधायक सभा कुंवर कुशवाहा, रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद, मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह तथा जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. स्कंद शुक्ल शामिल रहे।कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल के सात तथा इंटरमीडिएट के दस मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल और 21-21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के डेमो चेक देकर सम्मानित किया गया।

## बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**देवरिया, 01 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित जिला टास्क फोर्स, शिक्षा समिति एवं प्रोजेक्ट अलंकार की समीक्षा बैठक कर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विद्यालयों का नियमित निरीक्षण केवल औपचारिकता न होकर शिक्षा व्यवस्था में वास्तविक सुधार का माध्यम बनना चाहिए। डीएम ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को छात्र-छात्राओं के नामांकन और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों की डिजिटल उपस्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही नए शैक्षिक सत्र में विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन पर बल दिया।कायाकल्प योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों, एडीओ पंचायत एवं खंड शिक्षा अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर विद्यालयों को निर्धारित 19 मानकों के अनुरूप संतृप्त करने को कहा। बैठक में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विद्यालयों में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता के निर्देश दिए। उन्होंने एसआरजी एवं एआरपी को शिक्षकों का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण कराने और नवीन शिक्षण विधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# शराब पार्टी के दौरान विवाद में युवक की हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

**देवरिया, 01 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के भाटपार रानी थाना क्षेत्र में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, शराब पीने के दौरान हुए विवाद में युवक की हत्या कर शव को गंडक नदी में फेंक दिया गया था। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने उक्त घटना का खुलासा किया है।



आगे बताया कि मामला उस समय सामने आया जब 30 मई की सुबह मालीबारी गांव के लोगों ने सवरेजी पुल के पास गंडक नदी में एक शव देखा। शव की पहचान बड़का गांव निवासी 22 वर्षीय सुशील साहनी के रूप में हुई। मृतक के भाई संदीप साहनी की तहरीर पर थाना भाटपार रानी में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि 28 मई को सुशील साहनी अपने मित्र सुरेंद्र यादव के साथ था। इसी दौरान आशिक अंसारी और नईम अंसारी उसे अपने साथ धरमखोर दूबे गांव ले गए, जहां दीपक गोड़ और कमल अंसारी भी मौजूद थे। आरोप है कि चारों ने साथ बैठकर शराब पी और नशे की हालत में कहासुनी होने पर सुशील की हत्या कर दी। बाद में शव को कोईलहा बाबा मंदिर के पास नदी में फेंक दिया गया। भाटपार रानी पुलिस ने सोमवार को चारों आरोपियों दीपक गोड़, कमल अंसारी, नईम अंसारी और आशिक अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## गैर इरादतन हत्या के दोषी को सात वर्ष की सजा

**देवरिया, 01 जून (तरुणमित्र)।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत देवरिया पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते गैर इरादतन हत्या के एक मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को सात वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है।जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया की अदालत ने सत्र परीक्षण संख्या 47/2010 एवं थाना रुद्रपुर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 777/2009 में सुनवाई करते हुए अभियुक्त बैजनाथ पासवान निवासी सूरजपुर पासी टोला, थाना रुद्रपुर को दोषी पाया। न्यायालय ने अभियुक्त को सात वर्ष के सश्रम कारावास तथा सात हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 182, 286, 304 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 से संबंधित था। पुलिस के अनुसार इस मामले में जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार मिश्रा, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी दुर्गेश सिंह, विवेचक उपनिरीक्षक हरेंद्र मिश्र, कोर्ट मोहर्रिर उपनिरीक्षक संतोष, हेड कांस्टेबल छोटेलाल यादव एवं पैरोकार कांस्टेबल आलोक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जमीन विवाद से परेशान युवक 70 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा

## गाजीपुर कलेक्ट्रेट में हाई वोल्टेज ड्रामा, प्रशासनिक लापरवाही का आरोप

**गाजीपुर, 01 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार को गाजीपुर कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी मच गई जब मुगलानी चक निवासी संजीत चौहान एसडीएम कोर्ट के सामने लगे 70 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक डीएम-एसपी को मौके पर बुलाने और समस्या के तत्काल समाधान की मांग पर अड़ा है। सूचना मिलते ही परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई।

पीड़ित के बड़े भाई रंजीत चौहान ने बताया कि उनका परिवार मजदूरी कर जीवनयापन करता है और 5 पीढ़ियों से मुगलानी चक में रह रहा है। उनके पास जमीन के सभी वैध दस्तावेज हैं। आरोप है कि स्थानीय जमींदार फर्जी कागजात से कब्जे का प्रयास कर रहे हैं।

हाईकोर्ट से पक्ष में फैसला आने के बाद भी तहसील से कार्रवाई और निर्माण जारी है मौके पर एसडीएम सदर, एसपी सिटी डॉ. राकेश कुमार मिश्रा, सीओ सिटी शेखर सेंगर समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। माइक से युवक को सुरक्षित उतरने की अपील की गई। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच और न्याय का भरोसा दिलाया। पुलिस-राजस्व की टीमें युवक को समझाने में जुटी हैं ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

संजीत का कहना है कि जब तक डीएम-एसपी मौके पर आकर उसकी बात नहीं सुनेंगे, वह नीचे नहीं उतरेगा। जमीनी विवाद और प्रशासनिक लापरवाही से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया रंजीत चौहान ने राजस्व विभाग और भू-माफियाओं की मिलीभगत का आरोप लगाया। कहा कि कई बार शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। केवल प्रभावशाली और पैसे वालों की सुनी जा रही है। इसी से तंग आकर भाई टावर पर चढ़ा।

घटना की जानकारी पर युवक के परिजन भी कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रशासन की प्राथमिकता युवक को सुरक्षित नीचे उतारना है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है और हाई वोल्टेज ड्रामा जारी है।

# प्रीमियर लीग के रिकॉर्डधारी जेम्स मिल्नर ने फुटबॉल को कहा अलविदा



**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व मिडफील्डर जेम्स मिल्नर ने 40 वर्ष की उम्र में पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही उनके 24 वर्षों लंबे प्रीमियर लीग करियर का भी अंत हो गया। मिल्नर ने वर्ष 2019 में लिवरपूल को यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी।

पिछले तीन सत्रों से ब्राइटन एंड होव एल्बियन का हिस्सा रहे मिल्नर ने अपने करियर की शुरूआत अपने बचपन के पसंदीदा क्लब लीड्स यूनाइटेड से की थी। इसके बाद उन्होंने मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल के लिए खेलते हुए तीन प्रीमियर लीग खिताब जीते। इनमें दो खिताब मैनचेस्टर सिटी और एक लिवरपूल के साथ शामिल है। फरवरी, 2026 में ब्राइटन की ओर से ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ खेलते हुए उन्होंने प्रीमियर लीग में सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने अपने करियर का समापन 658 प्रीमियर लीग मैचों के साथ किया।

संन्यास की घोषणा करते हुए जेम्स मिल्नर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'प्रीमियर लीग में 24 सत्र खेलने के बाद मुझे लगता है कि अब अपने खेल करियर को विराम देने का सही समय आ गया है। 16 वर्ष की उम्र में लीड्स यूनाइटेड के लिए पदार्पण करने और प्रीमियर लीग का सबसे युवा गोल स्कोरर बनने के बाद मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरी यात्रा इतनी शानदार होगी।'

जेम्स मिल्नर को प्रीमियर लीग इतिहास के सबसे भरोसेमंद और बहुमुखी खिलाड़ियों में गिना जाता है। उनका करियर इंग्लिश फुटबॉल के सबसे सफल और लंबे करियरों में से एक माना जाएगा।

# ऑस्ट्रेलियाई उपप्रधानमंत्री ने विराट कोहली की तारीफ में कहा- ऑस्ट्रेलिया में उनकी बड़ी पहचान

**नई दिल्ली।** भारत की यात्रा पर आये ऑस्ट्रेलिया के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह इस समय ऑस्ट्रेलिया में बेहद बड़ा नाम हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत रिश्तों का प्रतीक बन चुका है।

'मनोबल' कार्यक्रम में मार्ल्स ने भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ी कपिल देव और बिशन सिंह बेदी के प्रति भी सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैं कपिल देव जैसे महान खिलाड़ी के साथ खड़ा हूं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंध इस समय अपने सर्वोच्च स्तर पर हैं। जीवन के प्रति हमारा साझा दृष्टिकोण क्रिकेट के प्रति हमारे प्रेम में भी दिखाई देता है।

मार्ल्स ने कहा कि जब वह बड़े हो रहे थे, तब भारतीय क्रिकेट में बिशन सिंह बेदी जैसे दिग्गज खिलाड़ियों का नाम सबसे अधिक सुनाई देता था। उन्होंने कहा कि आज विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में बहुत बड़ा नाम हैं, लेकिन मेरे बचपन में बिशन सिंह बेदी भारतीय क्रिकेट की पहचान थे। उन्होंने भारत और ऑस्ट्रेलिया के सांस्कृतिक तथा खेल संबंधों की सराहना करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आईपीएल 2026 में खिताबी जीत का भी उल्लेख किया।

मार्ल्स ने कहा कि कल रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शानदार जीत दर्ज की। विराट कोहली 75 रन बनाकर नाबाद रहे और मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने, लेकिन उनके साथ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों जोश हेजलवुड और टिम डेविड ने भी अहम भूमिका निभाई। यह भारत और ऑस्ट्रेलिया के रिश्तों की बेहतरीन मिसाल है।

गौरतलब है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के फाइनल में गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में विराट कोहली की नाबाद 75 रन की पारी टीम की जीत की आधारशिला बनी।

पूरे टूनार्मेंट में जोश हेजलवुड ने 13 मैचों में 15 विकेट लिए, जबकि टिम डेविड ने 305 रन बनाकर टीम के लिए कई महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। दोनों ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बेंगलुरु की लगातार दूसरी आईपीएल ट्रॉफी जीतने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# भारत में जी नेटवर्क दिखाएगा फीफा विश्व कप के मुकाबले, जी5 पर होगी लाइव स्ट्रीमिंग

**नई दिल्ली।** फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी खबर है। फीफा विश्व कप 2026 का प्रसारण भारत में जी नेटवर्क करेगा। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने टूर्नामेंट के प्रसारण और डिजिटल स्ट्रीमिंग अधिकार हासिल करने की घोषणा की है। समझौते के तहत विश्व कप के मुकाबलों का सीधा प्रसारण जी समूह के हाल ही में शुरू किए गए चार नए खेल चैनलों पर किया जाएगा, जबकि जी5 पर सभी मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग उपलब्ध रहेगी।

यह घोषणा टूनार्मेंट के शुरू होने से करीब दो सप्ताह पहले की गई है। 11 जून से 19 जुलाई तक आयोजित होने वाला यह विश्व कप अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। जी समूह इससे पहले आई-लीग और उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग जैसे खेल आयोजनों का प्रसारण कर चुका है। इसी महीने कंपनी ने अपने यूनाइटेड 8 समूह के तहत चार नए खेल चैनल भी लॉन्च किए थे और इसके बाद फीफा के साथ अधिकारों को लेकर बातचीत शुरू हुई थी।

जी एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत गोयनका ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, 'हम दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक को भारतीय दर्शकों तक पहुंचाने के लिए उत्साहित हैं। फुटबॉल क्षेत्र और भाषा की सीमाओं से परे लोगों को जोड़ता है। प्रसारण अधिकार हासिल करने और नए खेल चैनल शुरू करने का फैसला इस खेल की दीर्घकालिक संभावनाओं पर हमारे भरोसे को दर्शाता है।' हालांकि प्रसारण सौदे की आधिकारिक राशि सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन रिपोर्टों के अनुसार यह सौदा 30 से 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 320 करोड़ रुपये) के बीच हुआ है। फीफा विश्व कप 2026 टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा संस्करण होगा। इसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। हालांकि भारतीय समयानुसार कई मुकाबले देर रात और आधी रात के बाद शुरू होने के कारण शुरूआत में मीडिया कंपनियों की दिलचस्पी सीमित रही। बताया जा रहा है कि फीफा ने शुरूआत में भारत के लिए प्रसारण अधिकारों की कीमत लगभग 100 मिलियन डॉलर रखी थी, लेकिन कम मांग को देखते हुए इसे घटाकर करीब 35 मिलियन डॉलर कर दिया गया।

# फ्रेंच ओपन 2026: ब्राजील के युवा टेनिस स्टार फोंसेका क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस।** ब्राजील के युवा टेनिस स्टार जोआओ फोंसेका ने फ्रेंच ओपन 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अंतिम-16 मुकाबले में दो बार के उपविजेता कैस्पर रूड को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। क्वार्टर फाइनल में अब फोंसेका का सामना चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी याकुब मेंशिक से होगा। 19 वर्षीय फोंसेका ने रोमांचक मुकाबले में रूड को 7-5, 7-6 (10/8), 5-7, 6-2 से मात दी।

रोलां गैरो के रात्रिकालीन मुकाबले में मिली इस जीत के साथ उन्होंने अपने करियर में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। फोंसेका ने इस टूनार्मेंट में पहले ही दुनिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराकर सनसनी फैला दी थी। इसके बाद उन्होंने कैस्पर रूड के खिलाफ भी शानदार खेल दिखाते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इससे पहले दूसरे दौर में डिनो प्रिजमिक और तीसरे दौर में जोकोविच के खिलाफ दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करने वाले फोंसेका ने इस बार अधिक परिपक्व और संतुलित खेल का प्रदर्शन किया।

दो बार के फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट रूड ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन फोंसेका ने दबाव के क्षणों में बेहतर खेल दिखाते हुए मुकाबले पर अपनी पकड़ बनाए रखी। लगभग 3 घंटे 55 मिनट तक चले इस मैराथन मुकाबले का समापन सोमवार तड़के स्थानीय समयानुसार 12:27 बजे हुआ। फोंसेका की इस जीत ने उन्हें टूनार्मेंट के सबसे चर्चित खिलाड़ियों में शामिल कर दिया है और अब उनकी नजरें सेमीफाइनल में जगह बनाने पर टिकी हैं।

# एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन पर प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय दल को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हांगकांग में हुई 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय दल को बधाई दी है। भारत ने प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण पदक समेत कुल 19 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि हाई जम्प खिलाड़ी पूजा सिंह रहीं, जिन्होंने 1.93 मीटर की छलांग लगाकर दो दशक पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण सहित कुल 19 पदक जीतने पर भारतीय दल को हार्दिक बधाई।

यह शानदार प्रदर्शन भारत के युवा खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प, प्रतिभा और उत्कृष्टता का प्रतीक है। मुझे विश्वास है कि उनकी यह सफलता आने वाले वर्षों में अनेक युवा भारतीयों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।' भारतीय खिलाड़ियों के इस बेहतरीन प्रदर्शन ने एशियाई स्तर पर देश की एथलेटिक्स प्रतिभा का दम दिखाया है और भविष्य के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए उम्मीदों को और मजबूत किया है।

## अर्थव्यवस्था

# अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एटीएफ हुआ 27 फीसदी सस्ता, घरेलू दरें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालित करने वाली विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में 27 फीसदी की भारी कटौती की है। हालांकि, घरेलू विमानन कंपनियों के लिए एटीएफ की दरों में लगातार दूसरे महीने कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस कटौती से अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए विमान ईंधन की कीमत 400 डॉलर प्रति किलोलीटर से अधिक घटकर लगभग 1,100 डॉलर प्रति किलोलीटर रह गई है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा की कीमतों में तेजी के बीच इन विमानन कंपनियों के लिए एटीएफ की दरें दोगुनी से अधिक बढ़कर 1,435.31 डॉलर प्रति किलोलीटर हो गई थीं। 1 मई को 76.55 डॉलर यानी 5.33 फीसदी बढ़ाकर 1,511.86 डॉलर प्रति किलोलीटर की गई थीं। तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू विमानन कंपनियों के लिए एटीएफ के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। ये एक अप्रैल से 1,04,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर पर ही बनी हुई है। इसके बाद से इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह संशोधन सरकारी तेल विपणन कंपनियों द्वारा हर महीने किए जाने वाले मूल्य निर्धारण का हिस्सा है।

पश्चिम एशिया में जारी संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी संकट के कारण वैश्विक स्तर पर एटीएफ की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला पर लगातार दबाव बना हुआ है। भारत में विमान ईंधन की कीमतें दो दशक से अधिक समय पहले नियंत्रण मुक्त कर दी गई थीं और तब से इन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप रखा जाता है।

पश्चिम एशिया संकट के बीच ऊर्जा कीमतों में तेज उछाल को देखते हुए सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने संतुलित दृष्टिकोण अपना रखा है। विदेशी विमानन कंपनियों से बाजार दर वसूली जा रही है, जबकि घरेलू कंपनियों के लिए कीमतें नियंत्रित रखी गई हैं। इससे इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड को घरेलू एटीएफ बिक्री पर नुकसान उठाना पड़ेगा।

# एमआर मनिवेनी की शेयर बाजार में निराशाजनक शुरूआत, अपर सर्किट के बावजूद घाटे में आईपीओ निवेशक

**नई दिल्ली।** फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग का काम करने वाली कंपनी एमआर मनिवेनी फूड्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त डिस्काउंट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 52 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 18.17 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 42.55 रुपये के स्तर पर हुई।

लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे थोड़ी देर में ही ये शेयर उछल कर 44.70 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। अपर सर्किट लगने के बावजूद पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशक प्रति शेयर 7.30 रुपये यानी 14.04 प्रतिशत के नुकसान में थे। एमआर मनिवेनी फूड्स का 27.04 करोड़ रुपये का आईपीओ 22 से 26 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.74 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन सौ प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.88 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.09 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 52 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नया प्लांट तैयार करने और मशीनरी खरीदने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.56 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2.18 करोड़ रुपये हो गया। इसके अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी शुद्ध लाभ उछल कर 4.13 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 3.34 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 119.61 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 155 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 203.52 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 116.19 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में लगातार बढ़ोतरी होती रही। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 9.93 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 15 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 20.46 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ बढ़कर 22.40 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया था। इस अवधि में कंपनी के नेटवर्थ में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में ये 10.18 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़कर 12.36 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का नेटवर्थ 18.59 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक ये 21.93 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

इसी तरह ईबीआईटीडीए (अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्सेज, डिप्रेशिएशंस एंड एमॉर्टाइजेशन) 2022-23 में 3.72 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़कर 5.05 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का ईबीआईटीडीए 7.82 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक ये 6.67 करोड़ रुपये के स्तर पर रहा।

# भारत-ओमान के बीच लागू हुआ सीईपीए, खाड़ी देश को भेजी गई आभूषण उत्पादों की पहली खेप




**नई दिल्ली।** भारत और ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) सोमवार से लागू हो गया है। सोमवार को समझौता लागू होने पर मुंबई, कोलकाता और चेन्नई से कृषि और रत्न एवं आभूषण उत्पादों की लगभग 10 खेप तरजीही दरों के तहत खाड़ी देश को भेजी गईं। दोनों देशों के बीच यह समझौता 18 दिसंबर, 2025 को मस्कट में हस्ताक्षरित किया गया था।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने यहां पत्रकारों को बताया कि यह समझौता कपड़ा, चमड़ा, प्लास्टिक, समुद्री उत्पाद, ऑटोमोबाइल, खेल के सामान और कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों में घरेलू निर्यातकों को फायदा पहुंचाएगा, क्योंकि उन्हें प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले ओमान के बाजार में तरजीही पहुंच मिलेगी। भारत-ओमान सीईपीए भारतीय उद्योग, एमएसएमई, किसानों, महिलाओं और आयुष क्षेत्र सहित अन्य सभी वर्गों के लिए अवसरों के नए द्वार खोल रहा है। इसके साथ ही जीरो ड्यूटी, बढ़ता निर्यात और मजबूत होती वैश्विक साझेदारी, यही आज आत्मनिर्भर भारत की नई पहचान बन रही है।

गोयल ने कहा कि भारत सरकार वैश्विक व्यापार में अनिश्चितताओं के बीच आयात पर निर्भरता कम करके निर्यात आधारित विकास को बढ़ावा दे रही है और ओमान के साथ प्रस्तावित एफटीए इसी नीति का हिस्सा है। उन्होंने भारत-अमेरिका आंतरिक व्यापार समझौते पर पूछे गए सवाल के बारे में बताया कि 99 फीसदी काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि 2 से 4 जून के बीच अमेरिका की टीम के साथ बातचीत होगी। गोयल ने बताया कि समझौते की औपचारिक घोषणा से पहले कुछ शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों के बीच 4 जून तक चर्चा जारी रहेगी।

ओमान खाड़ी क्षेत्र में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और अपने अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस बंदरगाह बुनियादी ढांचे के माध्यम से व्यापक जीसीसी (खाड़ी सहयोग परिषद) बाजार के लिए एक रणनीतिक प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2025-26 में 11.18 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 10.61 अरब डॉलर था। अब द्विपक्षीय कारोबार दोगुना होकर 20 अरब डॉलर पार पहुंचने की उम्मीद है।

# जीएसटी राजस्व संग्रह मई में 3.2 फीसदी बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** देश के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह 3.2 फीसदी बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। पिछले साल मई में सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी महानिदेशालय ने सोमवार को आंकड़ों में बताया कि जीएसटी राजस्व संग्रह में यह वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार तथा आयात मिलने वाले कर संग्रह में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुई है। आंकड़ों के अनुसार मई के दौरान घरेलू लेन-देन से केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 37,397 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,143 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 51,990 करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि में कर योग्य वस्तुओं की आपूर्ति में 26.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई, जो घरेलू मांग को दर्शाती है। सेवाओं के क्षेत्र में यह वृद्धि 22.2 फीसदी रही है, जो घरेलू खपत की मजबूती को दिखाती है। इसी तरह आयात से आईजीएसटी संग्रह 19.1 फीसदी बढ़कर मई में 59,654 करोड़ रुपये हो गया, जो औद्योगिक क्षमता के विस्तार का संकेत है। इसके अलावा इस अवधि में जीएसटी 'रिफंड' 2.6 फीसदी बढ़कर 27,281 करोड़ रुपये हो गया। 'रिफंड' समायोजित करने के बाद मई में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 3.3 फीसदी बढ़कर लगभग 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा। इससे पहले अप्रैल महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह 8.7 फीसदी बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।